राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







11 आकाश चोपड़ा ने दिल्ली कैपिटल्स की...

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जारी की ... 12



वर्ष : 11 | अंक : 292 | पटना, मंगलवार, 05 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 23°C

न्यूनतम तापमान 21°C

**बाजार**

सोना 65,275

चांदी 76,500

सेंसेक्स 73,872

निफ्टी 22,405

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है सरकार : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपना अधिकार मांग रहे किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। उन्होंने यह दावा भी किया कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने और उनकी आय दोगुनी करने की सरकार की गारंटी फर्जी साबित हुई है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, अपने चुनिंदा पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए, मोदी सरकार ने किसानों के हितों की लगातार बलि दी है। जब देश का अन्नदाता किसान बंपर फसल पैदा कर निर्यात करना चाहता है तब मोदी सरकार गेहूं, चावल, चीनी, प्याज, दाल आदि के निर्यात पर पाबंदी लगा देती है! उन्होंने दावा किया कि अपने पूरे कार्यकाल में भाजपा ने ऐसा ही किया है, जिसका परिणाम यह हुआ है कि कांग्रेस-संप्रग के दौरान जो कृषि निर्यात 153 प्रतिशत बढ़ा था, वो भाजपा के राज में केवल 64 प्रतिशत ही बढ़ा। उन्होंने कहा, मोदी सरकार की एमएसपी व दोगुनी आमदनी की गारंटी तो फर्जी निकली ही, किसान विरोधी भाजपा ने हमारे 62 करोड़ किसानों की कमर तोड़ने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। खरगे ने आरोप लगाया कि अब जब किसान अपना हक मांग रहे हैं, तो मोदी सरकार उनसे दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है।

### न्यायालय ने सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी के लिए अप्रसन्नता जताई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी सनातम धर्म को मिटाने संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता लगायी और पूछा कि वह भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के बाद अपनी याचिका लेकर शीर्ष अदालत के पास क्यों आए हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा, आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है। आपने अनुच्छेद 25 के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है, अब आप अनुच्छेद 32 (उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने) के तहत अपने अधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं ? क्या आप अपनी टिप्पणी के नतीजे नहीं जानते थे ? आप आम आदमी नहीं हैं। आप एक मंत्री हैं। आपको पता होना चाहिए था कि इस तरह की टिप्पणी का क्या परिणाम होगा। न्यायालय ने मामले पर सुनवाई 15 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

**सीएम नीतीश ने बिहार जलवायु सम्मेलन एवं प्रदर्शनी व राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केन्द्र का किया उद्घाटन**

# पर्यावरण संरक्षण पर सरकार का विशेष जोर चलाया जा रहा जल जीवन हरियाली अभियान

## जलवायू सम्मेलन में जलवायु रणनीतियों पर होगा विचार-विमर्श

**कार्यक्रम का मुख्य बिंदु**

- सीएम ने आधारभूत संरचना विकास की 26 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया
- मुख्यमंत्री ने बिहार जलवायु प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का किया निरीक्षण
- जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए उठाए जा रहें महत्वपूर्ण कदम

वरीय संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। बिहार, देश का पहला राज्य है जहाँ जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए जल जीवन हरियाली अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन में बिहार जलवायु सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य विशेषज्ञों, हितधारकों एवं नीति निमार्ताओं को एक साथ लाना एवं बिहार राज्य के लिए जलवायु रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों एवं इससे बचने के उपायों के बारे में विचार-विमर्श करना है। आनेवाले वर्षों में राज्य को जलवायु अनुकूल एवं कार्बन न्यूट्रल बनाने की पहल की गई है, इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिये बिहार जलवायु सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिहार जलवायु प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और विस्तृत जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय डॉल्फिन रिसर्च सेंटर, पटना का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। साथ ही मुंगेर वानिकी महाविद्यालय का बिहार वानिकी महाविद्यालय एवं शोध संस्थान के रूप में उन्नयन एवं नामकरण किया। मुख्यमंत्री ने 108 करोड़ 33 लाख रुपये लागत की पार्क, ईको टूरिज्म, भू-जल संरक्षण एवं आधारभूत संरचना विकास की 26 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पूर्णिया और भागलपुर में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों का उद्घाटन तथा बिहार की जलवायु अनुकूल एवं न्यून कार्बन प्रारूप रणनीति का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा लोगों को वायु की गुणवत्ता की जानकारी देने के लिए डैशबोर्ड का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जलवायु कार्य हेतु बिहार घोषणा पत्र जारी किया गया। उल्लेखनीय है कि बिहार एक आपदा प्रवण राज्य है और जलवायु परिवर्तन के कारण विगत कुछ दशकों से बाढ़, सुखाड़, आकाशीय विद्युत जैसी आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति में बढ़ोतरी हुई है। इस पृष्ठभूमि में राज्य सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन शमन एवं अनुकूलन की दिशा में अनेक कदम उठाये गये हैं जिनमें जल जीवन हरियाली अभियान एवं जलवायु अनुकूल कृषि कार्य प्रमुख हैं।

ये रहें मौजूद : कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष डॉ डीके शुक्ला, प्रधान मुख्य वन संरक्षक आशुतोष सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं

### जल जीवन हरियाली अभियान को बिल गेट्स ने सराहा

जल जीवन हरियाली जागरूकता अभियान के अंतर्गत 19 जनवरी, 2020 को राज्य में 18 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी मानव श्रृंखला बनी जिसमें 5 करोड़ 16 लाख से अधिक लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण के संरक्षण और नशामुक्ति के समर्थन में एवं बाल विवाह और दहेज प्रथा मिटाने के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। पर्यावरण संरक्षण के समर्थन में बनी यह ऐतिहासिक मानव श्रृंखला विश्व में किसी भी मुद्दे पर बनी, अब तक की सबसे लंबी मानव श्रृंखला है। इसके माध्यम से बिहार की जनता ने न सिर्फ देश को बल्कि पूरे विश्व को पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संदेश दिया है। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी, अमेरिका के संस्थापक बिल गेट्स द्वारा जल जीवन हरियाली जागरूकता अभियान की सराहना की गई है। श्री बिल गेट्स ने कहा था कि जलवायु परिवर्तन जैसे विषय तो दुनिया के पश्चिमी देशों के स्तर पर चर्चा का विषय है, परन्तु बिहार में जलवायु परिवर्तन के लिए इस प्रकार का जागरूकता अभियान सराहनीय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 24 सितम्बर, 2020 को संयुक्त राष्ट्र के उच्चस्तरीय जलवायु परिवर्तन राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में कई देशों के प्रधानमंत्री एवं प्रमुख नेताओं के समक्ष अपनी बात रखने का मौका मिला था जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए जल जीवन हरियाली अभियान को दुनिया के लिए बेहतरीन उदाहरण बताया था। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सहित परिवहन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्योग विभाग, तकनीकी संस्थान, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं डब्ल्यूआरआई इंडिया, यूएनईपी, शक्ति सस्टेनेबुल एनर्जी फाउंडेशन जैसे सहयोगी संस्थानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बिहार राज्य की जलवायु अनुकूल एवं न्यून-कार्बन प्रारूप रणनीति के प्रभावी क्रियान्वयन के ड्राफ्ट प्रति का मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया।

**प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास**

# 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार : मोदी

## बोलें-मेरा जीवन खुली किताब जैसा है, जनता यह जानती है

- 25 करोड़ से भी ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आएं

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मेरा जीवन खुली किताब जैसा है, देश की जनता भली-भांति जानती है, मेरी पल-पल की खबर देश रखता है और मैं कभी देर रात जब काम करता हूं, खबर निकल जाती है, देश के लाखों लोग मुझे लिखते हैं कि इतना काम मत करिए, कुछ आराम कर लीजिए। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। जब मैंने अपना घर छोड़ा था, एक सपना लेकर चला था कि मैं देशवासियों के लिए जिऊंगा। मेरा कोई निजी सपना नहीं होगा। आपका सपना ही मेरा संकल्प होगा। आपके सपने को पूरा करने के लिए और आपके बच्चों का भविष्य बनाने के लिए अपने आप को खपा दूंगा। पीएम मोदी ने आगे लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा, मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी, यही मेरा परिवार है, ये नौजवान मेरा परिवार है, आज देश की करोड़ों माताएं-बहनें, बच्चे, बुजुर्ग यही मेरा परिवार है। जिसका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत-मेरा परिवार है। बता दें कि लालू यादव ने रविवार को महागठबंधन की रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा था कि आज पीएम परिवारवाद का जिक्र कर रहे हैं, आपका परिवार नहीं है और आप हिंदू भी नहीं हैं।

**पांच वर्षों में देश के विकास को और ज्यादा गति मिलेगी :** प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, तो इससे निवेशकों का आत्मविश्वास मजबूत होगा, जिससे प्रदेश में निवेश करने के लिए निवेशक भी प्रोत्साहित होंगे।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 3-4 दिनों से पूरी दुनिया में भारत के तीव्र आर्थिक विकास की चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा, समस्त विश्व में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसका पिछली तिमाही विकास दर 8.4 फीसद रहा है। इस तीव्र गति के साथ भारत दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। इसका मतलब हुआ कि इससे तेलंगाना की अर्थव्यवस्था में भी तेजी देखने को मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में देश के विकास को और ज्यादा गति मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 25 करोड़ से भी ज्यादा लोग देश में गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और यह सब कुछ केंद्र सरकार की उन कल्याणकारी योजनाओं की बदौलत हो पाया है, जो कि केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए थे।

**पीएम ने विकास कार्यों का किया जिक्र :** प्रधानमंत्री ने देश में पिछले 15 दिनों में किए गए कई विकास कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत को और मजबूत कर विकसित भारत बनाएगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि विकसित भारत के लिए कार्य योजना के बारे में रविवार को नई दिल्ली में उन्होंने अपने सभी मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की थी। मोदी ने आदिवासियों के कल्याण पर अपनी पार्टी का विशेष ध्यान होने का उल्लेख किया और कहा कि उनकी सरकार इस समुदाय को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना में बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों में 56 हजार करोड़ रूपयों से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकासपरक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राष्ट्रीय विकास के केंद्र के रूप में आदिलाबाद के महत्व पर प्रकाश डाला, जहां 30 से अधिक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की गयी तथा आधारशिला रखी गयी। ये परियोजनाएं राज्य के भीतर ऊर्जा, पर्यावरणीय स्थिरता और सड़क कनेक्टिविटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में फैली हुई हैं। कहा कि सरकार राज्यों के विकास से देश के विकास के मंत्र पर चलती है।

# जे पी नड्डा से मिले पवन सिंह , कहा- जो भी होगा, अच्छा होगा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से मना करने के अगले दिन सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा और कहा कि आगे जो भी होगा, वह अच्छा होगा। सिंह ने राजधानी स्थित नड्डा के आवास पर उनसे मुलाकात की। भाजपा ने शनिवार को सिंह को आसनसोल से उम्मीदवार घोषित किया था।

# मोदी की नियत युवाओं को रोजगार देने की नहीं : राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए आज कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में लाखों पद खाली हैं लेकिन सरकार इन पदों को भरने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है और युवाओं को सिर्फ धोखा दिया जा रहा है। श्री गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार खुद कह रही है कि उसके विभिन्न विभागों में कई लाख पद खाली हैं। देश के युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने की बात करने वाली मोदी सरकार का इस दिशा में कदम नहीं उठाने से साफ हो गया है कि उनकी नियत रोजगार देने की नहीं है। उन्होंने कहा देश के युवाओं एक बात नोट कर लो। श्री मोदी की नीयत ही रोजगार देने की नहीं है। नए पद निकालना तो दूर वह केंद्र सरकार के खाली पड़े पदों पर भी कुंडली मार कर बैठे हैं। यदि संसद में पेश किए गए केंद्र सरकार के आंकड़ों को ही मानें तो 78 विभागों में 09 लाख 64 हजार पद खाली हैं। महत्वपूर्ण विभागों में ही देखें तो रेलवे में 2.93 लाख गृह मंत्रालय में 1.43 लाख और रक्षा मंत्रालय में 2.64 लाख पद खाली हैं। कांग्रेस नेता ने सवाल किया ह्लक्या केंद्र सरकार के पास इस बात का जवाब है कि 15 प्रमुख विभागों में 30 प्रतिशत से अधिक पद खाली क्यों हैं। झूठी गारंटियों का झोला लेकर घूम रहे प्रधानमंत्री के अपने ही कार्यालय में बड़ी संख्या में अति महत्वपूर्ण पद खाली क्यों हैं।

# कार पुल की रेलिंग से टकराई, तीन की मौत

मोतिहारी। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बैरिया देवी माई स्थान के पास की है। पुलिस के मुताबिक, रक्सौल थाना क्षेत्र के 11 नंबर वार्ड के रहने वाले गणेश शंकर मस्करा अपने परिवार के साथ इनोवा गाड़ी से मुजफ्फरपुर जा रहे थे। गाड़ी में गणेश के अलावा उनके पिता श्रवण मस्करा, उनकी मां प्रेमा मस्करा और पत्नी प्रेमा मस्करा समेत ड्राइवर सवार थे। बताया जाता है कि गणेश के माता पिता को पटना से फ्लाइट पकड़नी थी। पटना जाने के दौरान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बैरिया माई स्थान के पास इनोवा अनियंत्रित होकर पुलिया के रेलिंग से टकरा गई।

# रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकार के रूप में संरक्षित नहीं : सुप्रीम कोर्ट

- वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर सांसदों, विधायकों को अभियोजन से कोई छूट नहीं

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 1998 के पीवी नरसिम्हा राव मामले में अपने फैसले को पलटते हुए कहा कि रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह सर्वसम्मत फैसला दिया। पीठ ने माना कि संविधान के अनुच्छेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है, क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त एक सदस्य एक आपराधिक कृत्य में शामिल होता है। सात सदस्यीय पीठ ने कहा, हम मानते हैं कि रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारतीय संसदीय प्रणाली के कामकाज को नष्ट कर देती है। पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले से 1998 के जेएमएम रिश्वत मामले के नाम से चर्चित मामले में शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के बहुमत के फैसले से असहमति जताई। पीठ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में वोट देने के लिए रिश्वत लेने वाले विधायक पर भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ के 3:2 के बहुत फैसले में व्यापक प्रभाव और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के लिए संसद में मतदान के लिए रिश्वतखोरी के खिलाफ मुकदमा चलाने से सांसदों को छूट दी गई थी। सात सदस्यीय पीठ ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन की याचिका पर 5 अक्टूबर 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीता सोरेन पर 2012 के राज्यसभा चुनाव में एक खास उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। शीर्ष अदालत के समक्ष यह सवाल तब उठा था, जब सीता सोरेन ने 2012 के राज्यसभा चुनाव के दौरान रिश्वतखोरी के आरोप में अपने खिलाफ मुकदमा चलाने को चुनौती दी।

**प्रधानमंत्री ने न्यायालय के फैसले का किया स्वागत :** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत मामले में उच्चतम न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया जिसमें कहा गया है कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोजन से छूट नहीं होती। मोदी ने कहा कि यह निर्णय देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित करेगा और व्यवस्था में लोगों के विश्वास को गहरा करेगा। मोदी ने इस फैसले से संबंधित एक रिपोर्ट सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए कहा, स्वागतम! सर्वोच्च न्यायालय का एक शानदार निर्णय जो स्वच्छ राजनीति सुनिश्चित करेगा और व्यवस्था में लोगों के विश्वास को गहरा करेगा।

# भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर आरंभ किया मोदी का परिवार अभियान

- शाह, नड्डा व सम्राट ने एक्स प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिखा

प्रात : किरण





नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपना परिवार ना होने को लेकर कटाक्ष किए जाने के अगले दिन सोशल मीडिया पर मोदी का परिवार अभियान शुरू कर दिया। इस अभियान के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित कई नेताओं ने अपने एक्स प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिखा। उल्लेखनीय है कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के चौकीदार चोर है के नारे के जवाब में भाजपा ने मैं भी चौकीदार अभियान चलाया था। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, अगर नरेन्द्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे ह्यइंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने तेलंगाना में एक रैली को संबोधित करते हुए, मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं, जिसका कोई नहीं है वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत-मेरा परिवार है। इसके बाद कई केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने अपने एक्स प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार जोड़ दिया। सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने प्रोफाइल में यह बदलाव किया और उसके बाद गृह मंत्री शाह ने। कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अश्विनी वैष्णव और अनुराग ठाकुर,बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा सहित अन्य कई नेताओं ने भी इसका अनुसरण करते हुए एक्स प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार जोड़ दिया।

**संबोधन** | **रक्षा मंत्री ने उद्योग जगत, उद्यमियों, इनोवेटर्स और नीति निर्माताओं की सभा को किया संबोधित**

# हथियारों के आयात पर निर्भरता घातक साबित हो सकती है : राजनाथ

प्रात : किरण





नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि देश हथियारों या प्लेटफार्मों के आयात पर निर्भर नहीं रह सकता क्योंकि यह रणनीतिक रूप से घातक हो सकता है और मोदी सरकार सत्ता में आने के बाद से ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढाने के लिए अनेक कदम उठा रही है। श्री सिंह ने सोमवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान उद्योग जगत, उद्यमियों, इनोवेटर्स और नीति निमाताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, आत्मनिर्भरता के बिना, भारत वैश्विक मुद्दों पर अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा, रणनीतिक स्वायत्तता तभी बरकरार रखी जा सकती है जब हथियार और उपकरण हमारे अपने लोगों द्वारा भारत में बनाए जाएं।

हम इस दिशा में काम कर रहे हैं और परिणाम सकारात्मक हैं। जहां 2014 में हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन लगभग 44,000 करोड़ रुपये था, वहीं आज यह एक लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है और लगातार बढ़ रहा है। हमारे लगातार प्रयासों से यह बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए गए हैं, जिसमें रक्षा पूंजी खरीद बजट का 75 प्रतिशत भारतीय कंपनियों के लिए निर्धारित करना भी शामिल है। श्री सिंह ने रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला जिसमें भारत में निर्मित या निर्मित होने वाले प्रमुख प्लेटफार्मों और उपकरणों की सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची को अधिसूचित करना भी शामिल है। उन्होंने रक्षा उत्पादन विभाग को यह भी सुझाव दिया कि आने वाले वर्षों में हमें आयात की जाने वाली वस्तुओं की एक छोटी नकारात्मक सूची लानी चाहिए और पूर्ण आत्म-सम्मान हासिल करने के लिए उस सूची को खत्म करने का प्रयास करना चाहिए। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार तथा वाणिज्य एक-दूसरे पर निर्भर हैं और निजी क्षेत्र को फलने-फूलने के लिए एक मंच की आवश्यकता है, जो अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र को एक मंच प्रदान करने के लिए कानून -व्यवस्था, स्वस्थ और कुशल कार्यबल, कानून का शासन तथा अनुसंधान और विकास पारिस्थितिकी तंत्र जैसे कई पहलुओं की आवश्यकता है। समाज और सरकार मिलकर इन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं ताकि निजी क्षेत्र आगे बढ़े और अर्थव्यवस्था की उत्पादकता और क्षमता को बढ़ावा दे। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी में या तो अन्य देशों के नवीनतम नवाचार को अपनाकर या अपना खुद का विकास करके महारत हासिल की जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा, सरकार दोनों तरीकों पर काम कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### हॉकर के साथ मारपीट कर मांगी रंगदारी, थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र से अखबार हॉकर के साथ मारपीट कर रंगदारी मांगने की मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़ित हॉकर साखमोहन गंगौली निवासी सीताराम साह के पुत्र प्रह्लाद कुमार साह ने स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया कि 17 फरवरी की सुबह जब अखबार बेचने निकला तो अचानक पड़ोस के ही एक मां बेटा दोनों मिलकर डंडा से मारने लगा। पूछने पर बताया कि 100 रुपए रंगदारी प्रत्येक महीना दो, नहीं तो इस रास्ते से अखबार बेचने नहीं जाने देंगे। आज छोड़ रहे हैं अगले दिन इस रास्ते पर पकड़ाया तो जान से मार कर फेंक देंगे।

### न्यायालय के 3 वारंटी और तीन शरबी को लिया हिरासत में

विभूतिपुर, समस्तीपुर। न्यायालय के तीन वारंटी राघोपुर निवासी स्वर्गीय महेश्वर चौधरी के पुत्र हेमंत चौधरी व भगवंत चौधरी तथा हेमंत चौधरी के पुत्र साहेब चौधरी को पुलिस हिरासत में लेकर आगे की प्रक्रिया में जुट गई हैं।वही तीन पियक्कड़ समस्तीपुर जिला के नगर थाना पंजाबी कालोनी निवासी रंजीत कुमार पाण्डेय, रजनीश पाण्डेय, आनंद मोहन चौधरी को पुलिस हिरासत में लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रधानाध्यापक से मारपीट में मुजफ्फरपुर के डीईओ घायल मुजफ्फरपुर:::मुजफ्फरपुर में जिला शिक्षा पदाधिकारी व प्रधानाध्यापक भिड़े । जिला शिक्षा पदाधिकारी जांच के लिए पहुंचे थे । इसी दौरान दोनों पक्ष भिड़ गए। अधिकारी घायल बताए जा रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### जख्मी किशोरी की बिगड़ी तबीयत ,छपरा रेफर

पानापुर(सारण)थाना क्षेत्र के बिजौली गांव में शनिवार की दोपहर मारपीट में घायल किशोरी की स्थिति गंभीर देख सोमवार को चिकित्सकों ने छपरा रेफर कर दिया ।बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में चुन्नीलाल राम की 18 वर्षीया पुत्री पुतुल कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी।परिजन उसका गांव में ही निजी चिकित्सक से इलाज करा रहे थे ।स्थिति खराब होने पर सोमवार को परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी पानापुर लाये जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद उसे छपरा रेफर कर दिया।

### आग लगी मे फुस नुमा मकान सहित हजारों की सम्पति राख

बनियापुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के खबसी मठिया गाव मे आग लगी मे एक फुस नुमा मकान मे अचानक आग लग गयी,जिसको आस पास के लोगो द्वारा बचाव के लिए काफी मशक्क्त के बावजूद सब कुछ जल कर राख हो गया।जिसमे रखे आनाज वस्त्र सहित अन्य हजारों की सम्पति जल कर राख हो गयी है। घटना के संबंध मे बताया गया है कि मिश्री लाल यादव के फुस नुमा मकान मे अचानक आग लग गयी ,आस पास के लोगो ने बताया की पीड़ित बहुत गरीब व्यक्ति है,सरकार से मुआवजे की मांग किया है।

# अधिकारियों की टीम जीविका दीदियों से सीखेगी ग्रामीण विकास का हुनर

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जीविका किस तरह से महिलाओं को ग्रामीण स्तर पर आर्थिक और सामाजिक रूप से उन्नत बनाते हुए एक नई दिशा की ओर ले जा रही है। इसका अवलोकन करने और इन सभी जीविका दीदियों से सीखने बीपीएससी के 67वीं और 68वीं बैच के 64 अधिकारियों की टीम मुजफ्फरपुर पहुंची है । जिनका ब्रीफिंग शहर के होटल विनायक इंटरनेशनल में किया गया। सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए जीविका की डीपीएम अनीशा ने कहा कि मुजफ्फरपुर जिले में जीविका करीब 15 सालों से काम कर रही है और यहां 6 लाख से ज्यादा दीदियाँ जीविका समूह से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को उनके पूरे सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की जानकारी दी गई। जिसमें उन्हें मडवन और मुसहरी प्रखंड में दो टीमों में बाटकर जीविका दीदियों के घर में रहते हुए समूह, ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ के अलावा जीविका द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों को नजदीक से जानने का मौका मिलेगा ।किस तरह से 10 रुपये के सहयोग से दीदियाँ आज लखपति बन रही हैं और उनके सपने जीविका कैसे साकार कर रहा है। इसकी बारीकियां जानने के लिए अधिकारियों को गांव में ही 5 दिन रखा जा रहा है ।इस संबंध में जानकारी देते हुए संचार प्रबंधक राजीव रंजन ने कहा कि बिपार्ड गया से चार बैच की ट्रेनिंग मुजफ्फरपुर में होनी है ।जिसमें बीएससी से पास प्रशिक्षु अधिकारियों को जीविका और सरकार की अन्य योजनाओं के तालमेल के साथ ग्रामीण महिलाएं किस कदर विकास कर रही है इसकी बारीकी से जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही जीविका द्वारा संचालित बैग क्लस्टर, मशरूम क्लस्टर प्रोड्यूसर कंपनी, दीदी की रसोई दीदी की नर्सरी सहित कई गतिविधियों के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही जीविका के सभी टीमों और अलग-अलग विभागों के समन्वय से किस तरह से कार्य किया जा रहा है इसकी पूरी जानकारी जिला टीम के प्रबंधकों द्वारा दी गई। प्रशिक्षुओं में पंचायती राज पदाधिकारी, सीनियर डिप्टी कलेक्टर, राजस्व अधिकारी, ग्रामीण विकास अधिकारी सहित अधिकारी शामिल है। ब्रीफिंग कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयन कार्यालय से आनंद शंकर, कुणाल मिश्रा, नूरी जमाल पन्नालाल कुमार, कुणाल कुमार सिंह, प्रियंका वर्णवाल,विकास कुमार, राजनंदनी ,अभिजीत कुमार गुंजन कुमार और बिपार्ड की तरफ से निक्कू कुमार उपस्थित थे।

## नमो चौपाल के द्वारा लोगों को समझते भाजपा कार्यकर्ता



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौलीभारतीय जनता युवा मोर्चा मधुबनी बिहार द्वारा आयोजित नमो युवा चौपाल कार्यक्रम के तहत खजौली विधान सभा क्षेत्र के दुतुआर पंचायत में सोमवार कोजिला महामंत्री मुकेश यादव के नेतृत्व में नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया. इस नमो चौपाल कार्यक्रम के तहत आम जनताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की विकास के बारे में आम जनता को बारीकी से समझाया गया.उन्होने कहा कि अबकी बार 400 पार पर चर्चा की. कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि संगठन और राष्ट्र के प्रति समर्पण ही राष्ट्र की ताकत बनेगी . वहीं उपस्थित जिला महामंत्री मुकेश यादव ने बूथ शक्ति केंद्र के समस्त युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को अति आवश्यक समझते हुए नमो युवा चौपाल को गति दी. उन्होंने कहा कि भारत को विकसित एवं विश्व गुरु बनाने के लिए पुन मोदी जी को प्रधानमंत्री बनने के लिए हर गांव मोहल्ले में युवा चौपाल लगाकर केंद्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार रूप से चर्चा करने के लिए सभी युवा भाजपा मोर्चा को आह्वान किया. इस कार्यक्रम के मौके पर ओम प्रकाश राय, अनीश झा, गौरव सिंह, खुश सिंह, राजकुमार ठाकुर, मुकेश कुमार, रवि शंकर कुमार, आयुष कुमार, प्रियांशु कुमार, सुधांशु शेखर, हर्ष सिंह ,भीम कुमार सिंह, रामनाथ राम, राजकुमारी देवी, मुनेश्वरी देवी सहीत दर्जनों युवा वर्ग मौजूद थे।

# सीएसपी संचालक को घायल कर 2.5 लाख की लूट

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के धसपुरा गांव स्थित एक ईंट भट्ठा के पास घात लगाए बैठे अपराधियों ने सीएसपी संचालक से ढाई लाख रुपए लूट लिए। घटना सोमवार शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है। अपराधियों ने सीएसपी संचालक पर ईंट से वार कर घायल कर दिया इसके बाद उससे ढ़ाई लाख कैश छीनकर भाग निकले। पीड़ित सीएसपी संचालक सुबोध कुमार ने बताया कि वह जारंग टेकुना में सीएसपी चलाते हैं। कांटा एसबीआई ब्रांच से ढाई लाख रुपए लेकर अपने घर जारंग टेकुना जा रहे थे। इसी बीच मुनचुन राय के भट्ठा के समीप काले रंग के अपाचे बाईक पर बैठे तीन अपराधियों ने घेरकर रोक लिया और ईट मारकर सिर फोड़ दिया। जबतक कुछ समझ पाते इतने में बैग में रखे ढाई लाख रुपए और मोबाईल फोन लेकर भाग निकले। बताया कि तीनों के हाथ में पिस्टल था। इसके बाद चीखने चिल्लाने की आवाज सुन पहुंचे कुछ लोगों ने घायलावस्था में गायघाट सीएचसी पहुंचाया जहां ईलाज किया जा रहा है। थाना अध्यक्ष पुरषोत्तम यादव ने बताया पुलिस मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

## जन विश्वास महारैली देश में अब तक की सबसे बड़ी रैली, देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय : श्याम रजक

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



पूर्व मंत्री सह राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन द्वारा आयोजित जन विश्वास महारैली को अब तक देश की सबसे बड़ी रैली करार दिया है। उन्होंने कहा कि जन विश्वास महारैली ने अब तक के सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। महारैली में लगभग 10 लाख से अधिक लोग शामिल हुए। महारैली की अपार सफलता से भाजपा-जदयू खेमे में घबराहट तथा बेचैनी का आलम है। महारैली की शानदार सफलता के लिए बिहार तथा झारखण्ड के महागठबंधन के सभी कार्यकताओं तथा आम-जन को धन्यवाद व आभार प्रकट करता हूं। लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए राजद का संघर्ष आगे भी अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने दावा किया कि केन्द्र की मोदी सरकार अब चंद दिनों की मेहमान है। मोदी सरकार की उल्टी गिनती प्रारम्भ हो गयी तथा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 100 की आंकड़ा भी पार नहीं कर पायेगी। वर्ष 2024 के चुनाव के उपरांत देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है।

# प्रधानमंत्री मोदी की हर गारंटी पूरी हुई है और आगे भी पूरी होगी : सुरज गुप्ता

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी भारतीय जनता पार्टी जयनगर मंडल द्वारा 11 फरवरी से चल रहे लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत वार्ड नंबर 14 मे नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता के नेतृत्व में लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहां मौजूद लाभार्थी को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए लाभार्थी कार्यशाला के जिला प्रभारी धीरेंद्र झा ने कहा कि यह कार्यक्रम अनवरत हरेक मुख्य केंद्रों पर चलेगा। बूथ लेबल के पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में वैसे लाभुकों के पास जायेंगे जिन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है। समस्त लाभार्थियों से मिल भेंटवार्ता कर उनके मोबाइल नंबर से पार्टी के टॉल फ्री नंबर पर मिस्कॉल किया जा रहा है। साथ ही अपने क्षेत्रों में केंद्र प्रायोजित योजनाऐं की जानकारी हरेक लाभुकों को दी जा रही है। वहीं नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता ने कहा कि भाजपा जो वादा किया है वह पत्थर की लकीरें जैसी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर गारंटी पूरी हुई है और आगे भी पूरी होगी। भारतवर्ष को विकसित एवं विश्व गुरु बनाने के लिए एक बार पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में जनता चुनने को तैयार है। इस मौके पर रमेशचंद्र झा ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव भारतवर्ष का भविष्य तय करने वाला है। और भाजपा कार्यकर्ता मिलकर मोदी सरकार की विकासशील गारंटी वाले लक्ष्य के बदौलत इस बार 400 पार करेंगे। लाभार्थी संपर्क अभियान में नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता, जिला संयोजक लाभार्थी संपर्क अभियान धीरेंद्र झा, अरविंद तिवारी, निर्वतमान नगर मंडल अध्यक्ष विकासचंद्रा, बूथ प्रभारी रमेशचंद्र झा, भाजयुमो प्रदेश प्रशिक्षण सह संयोजक पंकज राठौड़, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ झा, ग्रामीण मंडल युवा अध्यक्ष गोपाल पूर्वे, रामकुमार शर्मा हीरा ठाकुर सत्यनारायण शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रेणु की कहानियों में ग्रामीण जीवन के यथार्थ और संगीत का अद्भुत समन्वय है : चंद्रभूषण सिंह चंद्र



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। फणीश्वर नाथ रेणु की कहानियां आंचलिक होते हुए भी सम्पूर्ण भारत की आंचलिकता का प्रतिनिधित्व करती है ।व उपन्यास के क्षेत्र के एक नई धारा के जनक हैं जिसमें प्रेमचंद के ग्रामीण यथार्थ के साथ साथ ग्रामीण जीवन के संगीत का अद्भुत समन्वय है ।ये बातें नूतन साहित्यकार परिषद के अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने कहीं ।वे आज साहित्य भवन ,कांटी में आयोजित फणीश्वरनाथ रेणु की जयंती समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा,लोकगीत, लोकोक्ति, लोक संस्कृति, लोक भाषा और लोक नायक के साथ उन्होंने देहात की धूल को साहित्य का चंदन बना दिया। उनके कथा साहित्य में आंचलिकता इस कदर घुली-मिली रहती है कि उनकी कथाओं का नायक अंचल ही हो जाता है। रेणु ने धूल-धूसरित व कीचड़ -युक्त माटी में उपजे फूल व फूल की अनुभूतियों को साहित्य में पिरो कर अंचल के जीवन व उसकी संस्कृति को जीवंत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेणु की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। नूतन साहित्यकार परिषद की ओर से आयोजित समारोह में चंद्र ने कहा कि रेणु के उपन्यास पर बनी प्रसिद्ध फिल्म तीसरी कसम उर्फ मारे गए गुलफाम, अब तक जितनी भी प्रेम कहानियों पर आधारित फिल्में बनी ,तीसरी कसम इनमें सबसे अलग है। उन्होंने कहा कि रेणु के साहित्यिक अवदान में उनकी पत्नी पद्मा का योगदान बेहद अहम रही। उन्होंने सांसारिक जवाबदेही , रेणु की रचना व राजनीतिक दवाबदेही को उनके पांव की जंजीर नही बनने दिया। सेवानिवृत डीडीओ परशुराम सिंह ने रेणु की जीवन यात्रा के बारे में कहा कि रेणु के जीवन का प्रारंभ राजनीति से हुआ। लेकिन अस्वस्थता व राजनीति के गंदे दांवपेच ने इन्हें साहित्य की ओर प्रेरित किया। स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि आंचलिक भाषा में रेणु ने लिखना प्रारंभ किया। अंत-अंत तक कालजायी कहानियां कालजयी उपन्यास इन्होंने आंचलिक भाषा में ही लिख डाले। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष पिनाकी झा ने किया। इस अवसर पर चंद्रकिशोर चौबे,मनोज मिश्र,रोहित रंजन,दिलजीत गुप्ता,वसंत शांडिल्य,प्रकाश कुमार, रजनीश कुमार भी थे।0

# प्रतिदिन बनाए जा रहे 60-65 हजार आयुष्यमान कार्ड

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आयुष्मान कार्ड जिले के सभी पंचायतों में द्रुत गति से बनायी जा रही है। सभी स्तर पर मोनेटरिंग करते हुए प्रतिदिन जिला द्वारा 60-65 हजार कार्ड निर्माण कर लाभुकों को सौंपा जा रहा है। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने इसमें और तेजी लाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि कॉमन सर्विस सेन्टर ससमय जन वितरण प्रणाली के दुकान पर नहीं पहुँचते हैं, तो वहां सेल्फ मोबाईल ऐप द्वारा भी आयुष्मान कार्ड बनाने के तरीके को बताएं और समझाएं। वरीय प्रभारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सी.डी.पी.ओ. एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जीविका अपने-अपने प्रखण्ड में रहकर द्रुत गति से कार्ड निर्माण में सहयोग एवं निदेश देंगे। आगामी एक सप्ताह में अधिकतम संख्या में कार्ड बनाने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि समय से पूर्व या समय से भी.एल.ई. अपने जन वितरण प्रणाली दुकान पर आ जायें, क्योंकि इस अभियान में समय का कांफी महत्व है। प्रत्येक कॉमन सर्विस सेन्टर पर 150 रुपए का इन्सेन्टिव भी दिया जा रहा है। प्रत्येक प्रखण्ड के बेस्ट 10-10 कॉमन सर्विस सेन्टर/भी.एल.ई. को सर्टिफिकेट देकर जिला पदाधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा। बताते चले कि आज संध्या 05:00 बजे तक 67145 आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं, जो सूबे में दूसरा स्थान है। जिला पदाधिकारी ने प्रतिदिन एक लाख के आस-पास कार्ड बनाने हेतु प्रयास करने को संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को निदेश दिया। निःशुल्क इलाज और कार्ड बनवाने के लिए निम्नलिखित दस्तावेज की जरूरत होगी *पारिवारिक पहचान हेतु राशन कार्ड या प्रधानमंत्री जी का लाभार्थी परिवार के नाम पत्र। व्यक्तिगत पहचान के लिए आधार कार्ड या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य फोटो पहचान पत्र। टॉल फ्री नम्बर 104 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। बैठक में विडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इंपाउर हर पहल के तहत किया गया वॉकाथन का आयोजन



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इंपाउर हर पहल के बैनर तले वॉकाथन का आयोजन किया गया। यूबीआई, क्षेत्रीय कार्यालय से पटेल मैदान तक वॉकाथन किया गया। जिसमें महिलाओं को सशक्त बनाने, बढ़ावा देने और जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने की पहल के साथ स्टाफ सदस्यों, उनके परिवार और महिला ग्राहकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्र प्रमुख समीर कुमार साँई द्वारा की गयी। जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय एवं स्थानीय शाखाओं के स्टाफ सदस्य तथा ग्राहक भी उपस्थित रहे। क्षेत्र प्रमुख ने महिला कर्मचारियों और महिला ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएँ सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का यह सपना था कि हमारे देश की उन्नति महिलाओं के माध्यम से होगी, जिसकी छवि आज हमें दिखाई दे रही है। इस संदर्भ में उन्होंने यूनियन बैंक की एमडी तथा सीईओ ए मणिमेखलै का धन्यवाद किया। जिन्होंने नारी सशक्तिकरण का उदाहरण पेश किया। महिलाओं की उन्नति से ही देश की उन्नति होगी, बेटी को पढ़ाना होगा, देश को बचाना होगा इत्यादि के नारे व पोस्टर भी लगाए गए।

# कर्ज में डूबे दम्पति ने की आत्महत्या

- घटना की सूचना मिलते ही सकर पुलिस मौके पर पहूंच कर जांच में जुट

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के सकरा थाना क्षेत्र के सकरा वाजिद पंचायत का है। जहां के सकरा वाजिद पंचायत के वार्ड संख्या 10 के रहने वाले दंपती शिवन दास उम्र तकरीबन 60 वर्ष और भुखली देवी उम्र तकरीबन 55 वर्ष दोनों पति-पत्नी काफी निर्धन थे। हालांकि दंपत्ति के दो पुत्र भी हैं लेकिन दंपत्ति को कोई भी पुत्र नहीं देखता था ।इस कारण दंपत्ति के द्वारा बीते दिनों एक समूह से पारिवारिक खर्च के लिए लोन लिया गया था।

जिसको दंपत्ति वापस नहीं कर पा रहा था जबकि समूह के द्वारा पैसे वापस करने के लिए दवाब बनाया जा रहा था।

जिसके बाद आज अहले सुबह सकरा वाजिद पंचायत के एक पीपल के पेड़ से दंपत्ति की फंदे से झूलती हुई डेड बॉडी को लोगों ने देखा। जिसके बाद इस घटना को लेकर लोगों के बीच कई तरह के चचाओं का बाजार गर्म हो गया।

# कॉस्मेटिक व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना में संलिप्त तीन अपराधी गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



पुलिस ने हसनपुर थाना क्षेत्र के नयानगर स्टेशन के पास स्थित भमराह पुलिया के निकट कॉस्मेटिक व्यापारी के साथ बीते 26 फरवरी को हुए लूटपाट की घटना में संलिप्त तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने लूटी गई बाइक व घटना में प्रयुक्त बाइक एवं एक मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान बेगूसराय जिले के गढ़पुरा थाना क्षेत्र के कोरैय निवासी विपिन सिंह के पुत्र नितीश कुमार उर्फ तवाही उर्फ छोटू, कोरैय वार्ड नंबर 9 निवासी कैलाश पंडित के पुत्र अर्जुन कुमार एवं धर्मेन्द्र पासवान के पुत्र सचिन कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए रोसड़ा एसडीपीओ शिवम कुमार ने बताया कि हसनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नयानगर स्टेशन के पास बीते 26 फरवरी की रात मंगलगढ़ दुधपुरा निवासी राज कुमार दास के पुत्र कॉस्मेटिक व्यापारी गोविंद कुमार दास के साथ बाइक सवार अज्ञात अपराधियों के द्वारा लूटपाट की घटना की गई थी। इस संबंध में हसनपुर थाना में मामला भी दर्ज किया गया था। आसूचना संकलन एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर कांड में संलिप्त तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और उनके पास से लूट का सामान भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी नितीश कुमार उर्फ तवाही उर्फ छोटू कब पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है और उसके विरुद्ध बेगूसराय जिले के गढ़पुरा थाना में पूर्व से कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अपराधियों ने इस कांड के साथ-साथ अन्य कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। वहीं फरार अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## बीडीओ और जनप्रतिनिधियों में हुआ वाव युद्ध , एक -दूसरे पर खूब हुआ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के बीच जमकर वाक्य युद्ध हुआ। एक दूसरे पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया। बता दें की सोमवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड प्रमुख श्रवण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्य एवं मुखियाओं की आम बैठक बुलाई गई थी। जिसमें कई योजनाओं को पारित एवं उसपर चर्चा करना था। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ संजय कुमार राय, बीपीआरओ संजय कुमार पासवान उप प्रमुख जय प्रकाश सिंह यादवउपस्थित थे। बैठक में अंचलाधिकारी शिवांगी पाठक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रखंड आपूर्ती पदाधिकारी, सीडीपीओ प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपस्थित नहीं थे। जिस वजह इनके विभागों का कोई भी योजना पर चर्चा नहीं हो सका ।बैठक की कार्रवाई शुरू होने के कुछ देर बाद जांता पंचायत के मुखिया संजय तिवारी व बीडीओ में लंबित डबल्यूपीओ को लेकर बकझक होने लगी। इसी बीच दोनों ने एक दूसरे पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने का आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे। इसके बाद सदन में हंगामा होने लगा। जिस वजह से बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड प्रमुख बैठक बीच में ही स्थगित कर दी। इसके बाद करीब एक दर्जन जनप्रतिनिधि बीडीओ कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। करीब एक घंटे के बाद प्रखंड प्रमुख श्रवण कुमार सिंह की पहल पर गुसाए जनप्रतिधियों एवं बीडीओ के बीच वातार्लाप कर समझौता किया गया। हंगामे का कारण मुख्यमंत्री आवास योजना में पंचायतों में चल रहे अवैद्य वसूली का बताया गया है। इस मौके पर विधायक निरंजन राय समेत प्रखंड के पदाधिकारी सभी पंचायत समिति सदस्य एवं मुखिया मौजूद थे।

# तेजस्वी यादव व उनकी पार्टी समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करती है : जितेंद्र चौधरी

- कहा- आजादी के आंदोलन और देश की तरक्की में सवर्ण समाज का महत्वपूर्ण योगदान

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बिहार के नेता प्रतिपक्ष पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव पर जमकर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि तेजस्वी और उनकी पार्टी राजद हमेशा जात-पात और भेदभाव की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि सवर्णों ने हमेशा देश की तरक्की के लिए काम किया है। सवर्ण समाज ने हमेशा गरीबों की भलाई के लिए काम किया है। जिसमें सभी जाति-वर्ग के लोगों को रहने के लिए जमीन, भोजन, रोजगार व उन्हें शिक्षित करने का काम किया है।

लेकिन देश में राजद जैसी पार्टियां व लालू-तेजस्वी जैसे नेता समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करते हैं। जितेंद्र चौधरी ने बताया कि उनके परिवार और देश के सभी सवर्ण समुदाय देश की अखंडता व एकता के लिए समर्पित हैं। उन्होंने बताया कि उनके दादा वेद नारायण चौधरी एक स्वंत्रता सेनानी थे और आजादी की लड़ाई के दौरान उन्हें दो वर्ष की जेल भी हुई थी।

आजादी के आंदोलन में उनके योगदान को देखते हुए साल 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा उन्हें ताम्र पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया था। इसलिए सवर्ण समाज की देश भक्ति व निष्ठा पर तेजस्वी यादव के सवाल उठाने की वह घोर निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण सवर्ण समाज एक भारत, श्रेष्ठ भारत के एजेंडे के तहत देश के तरक्की में अपना योगदान कर रहा है। जिसमें सभी जाति-वर्ग के लोग शामिल हैं। वहीं राजद जैसी पार्टियां अपने फायदे के लिए देश को जात-पात व धर्म के मुद्दे पर भटकाकर सिर्फ देश को कमजोर करना चाहते हैं।

## प्रकृति का आनंद राग है बसंत: संजय पंकज

ब्रह्मानन्द ठाकुर /प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर ! बसंत ऊर्जा और ताजगी के साथ आता है। यह केवल ऋतु परिवर्तन नहीं है बल्कि इसका आध्यात्मिक संदेश है। इस ऋतु में रंग, गंध और रस के वातावरण में मनुष्य की चेतना जागृत होती है। यौवन के उल्लास से भरा वसंत आध्यात्मिक भाव को संचारित करता है।- ये बातें चमरुआ स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल परिसर में चर्चा वसंत गोष्ठी में बोलते हुए मुख्य अतिथि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अवकाश प्राप्त राजभाषा अधिकारी विमल कुमार परिमल ने कही। विमल परिमल ने वसंत पर विस्तार से बोलते हुए आगे कहा कि वैदिक ऋचाओं में भी वसंत और मधुमास का आह्वान है और बार-बार मधु की चर्चा है। यह मधु केवल मादकता नहीं, नवजीवन का वैभव है। इस ऋतु में रचनात्मक तीव्रता आ जाती है। मुख्यवक्ता के रूप में साहित्यकार डॉ संजय पंकज ने वसंत पर केंद्रित कविताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शायद ही कोई कवि हो जिन्होंने वसंत पर रचनाएं नहीं की हैं। वसंत के दुलारे कवि निराला का जन्म वसंत पंचमी के दिन ही हुआ तभी तो वे लिखते हैं - सखि वसंत आया, भरा हर्ष वन के मन, नवोत्कर्ष छाया।

सम्पादकीय

## विजयी चेहरों की सूची

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की है, उसमें निरंतरता के साथ-साथ परिवर्तन और नयापन भी है। सामाजिक न्याय का भी संदेश दिया गया है, क्योंकि ओबीसी के 57 उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। अनुसूचित जाति के 27 और जनजाति के 18 नामों को भी स्थान दिया गया है, हालांकि उनकी निश्चित सीटें आरक्षित होती हैं। भाजपा ने अपने बुनियादी जनाधार सामान्य वर्ग की अनदेखी भी नहीं की है, क्योंकि सूची में उसके 93 चेहरों को शामिल किया गया है। 28 महिला उम्मीदवार भी तय किए गए हैं, हालांकि उनका 14 फीसदी प्रतिनिधित्व कम है। संभव है कि अगली सूचियों में यह संख्या बढ़ाई जाए! भाजपा की सूची में सामाजिक न्याय और सामाजिक इंजीनियरिंग की ऐसी झलक है, जो विपक्ष के जातीय गणना के मुद्दे का करारा जवाब है। प्रधानमंत्री मोदी की सिर्फ चार जातियों-गरीब, महिला, युवा, किसान-पर भी खासा फोकस रहा है। सूची में 47 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिनकी उम्र 50 साल से कम है, लिहाजा भाजपा की अगली पीढ़ी तैयार करने की भी रणनीति है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन 195 में से भाजपा ने 155 सीटें जीती थीं। ये अधिकतर विजयी चेहरे और भाजपा की जीत के सूत्रधार माने गए हैं, लिहाजा चुनावों की अधिकृत घोषणा से पहले ही इन नामों का ऐलान किया गया है, ताकि संभावित जीत में कोई भी गुंजाइश न रहे। किसी भी राष्ट्रीय दल ने अभी तक इतने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। इनमें 53 सीटें ऐसी हैं, जहां 2019 में भाजपा 2.50 लाख से 6.89 लाख वोट के अंतर से जीती थी। भाजपा का लक्ष्य अधिकतम सीटें जीतने का है। सूची में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी नाम है, जो अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भी मंत्री थे। उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय नेता माना जाता है, क्योंकि वह लगातार संसद में रहे हैं। मोदी सरकार में भी वह लगातार लोकसभा सांसद चुने गए। एक बार फिर वह लखनऊ सीट से चुनाव मैदान में उतारे गए हैं। उनके साथ-साथ सूची में दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज का नाम भी है, जिन्हें नई दिल्ली लोकसभा सीट के लिए, पहली बार, उम्मीदवार तय किया गया है। यही निरंतरता के साथ नयापन भी है। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन समेत पुराने चेहरों को बदल दिया गया है। सिर्फ मनोज तिवारी को उनकी सीट पर बरकरार रखा गया है। प्रख्यात क्रिकेटर गौतम गंभीर ने सक्रिय राजनीति से मुक्त किए जाने का आग्रह भाजपा अध्यक्ष नड्डा से किया है। बहरहाल सबसे बड़े राज्य उप्र में फिलहाल 51 उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। लगभग सभी को दोबारा अवसर दिया गया है, लेकिन अयोध्या, रायबरेली, वरुण गांधी की पीलीभीत, मेनका गांधी की सुल्तानपुर सरीखी अति महत्वपूर्ण और संवेदनशील सीटों पर प्रत्याशियों के चयन अभी किए जाने हैं। सूत्रों के मुताबिक, शायद वरुण गांधी को इस बार टिकट न दिया जाए! भाजपा ने चार पूर्व मुख्यमंत्रियों-शिवराज सिंह चौहान, अर्जुन मुंडा, बिप्लव कुमार देव, सवानंद सोनोवाल-को भी लोकसभा चुनाव की रेस में शामिल किया है। वैसे शिवराज 18 साल से अधिक समय तक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उससे पहले वह लोकसभा में विदिशा का ही प्रतिनिधित्व करते थे। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए सुषमा स्वराज को भी विदिशा से जितवाया था। भाजपा ने तीन मंत्रियों समेत 34 सांसदों के टिकट काटे हैं, लेकिन 34 मंत्रियों पर दांव भी लगाया है। मनसुख मांडविया, राजीव चंद्रशेखर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेंद्र यादव, सोनोवाल, वी. मुरलीधरन, पुरुषोत्तम रुपाला आदि केंद्रीय मंत्री राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन अब वे लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। गौरतलब यह है कि पैरालंपिक चैम्पियन भाला खिलाड़ी देवेंद्र झाझडिा को भी राजस्थान की एक सीट पर उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा ने इस बार केरल से 12 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, जिनमें अब्दुल सलाम अभी तक इकलौते मुस्लिम चेहरा हैं। हालांकि 2019 में 6 मुस्लिम प्रत्याशी उतारे थे।

## टिकट वितरण में अग्रो-अग्रो भाजपा

राकेश अचल

लोकसभा चुनाव 2024 का आधिकारिक कार्यक्रम घोषित होने से पहले भाजपा ने 195 प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी। कांग्रेस हमेशा की तरह इस मामले में फिर पिछड़ गयी। कांग्रेस में निर्णय लेने की अपनी शैली है।अब आप कह सकते हैं अग्रो-अग्रो भाजपा। भाजपा की हमेशा आगे बने रहने की ललक ही है जो कांग्रेस को लगातार सत्ता से दूर रखे हैं। भाजपा की पहली सूची में मप्र के तमाम दिग्गजों को टिकट दे दिया गया और अनेक का टिकट काट भी दिया गया। ये कतर-ब्योंत कोई नयी बात नहीं है। ये न हो तो नये लोगो को मौका ही न मिले। लेकिन भाजपा ने पहली सूची में मप्र के कुछ ऐसे कार्यकताओं पर भी दांव लगाया है, जो किसी भी दृष्टि से जीतने लायक नहीं है।

मप्र में पिछले आम चुनाव में 29 में से 28 सीटें जीतीं थी, लेकिन पहली सूची से लगता है कि भाजपा इस बार मप्र के भरोसे नहीं है। या फिर भाजपा के पास ऐसा कोई जादू है जिसके बल पर किसी भी प्रत्याशी को जिताया जा सकता है। ग्वालियर-चंबल संभाग से ही शुरू करें तो मुरैना सीट से पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर को प्रत्याशी बनाया गया है। मुरैना से अब तक मप्र विधानसभा के नये अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सांसद थे। पार्टी ने तोमर को संसद से विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल कर लिया। शिवमंगल इन्हीं नरेन्द्र सिंह तोमर के समर्थक हैं। शिवमंगल की छवि नरेन्द्र सिंह तोमर के एजेंट जैसी है। पार्टी में उनका अपना कोई खास वजन नहीं है। कांग्रेस शिवमंगल को आसानी से पराजित कर सकती हैं, लेकिन यदि मुरैना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी खुद चुनाव लड़ें तो बात अलग है। क्योंकि मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र में आने वाले 8 विधानसभा क्षेत्रों में से आधे पर कांग्रेस का कब्जा है।

भाजपा के गढ़ ग्वालियर सीट पर वर्तमान सांसद विवेक नारायण शेजवलकर का टिकट काट कर हाल ही में विधानसभा चुनाव हारे पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है।भारत सिंह भी पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के समर्थक हैं। मिडिल पास हैं।वे शेजवलकर के मुकाबले बेहतर कैसे मान लिए गए, ये समझना मुश्किल है। कांग्रेस यदि यहां समझदारी से प्रत्याशी लाए तो पासा पलटा जा सकता है। यहां भी मोदी जी का चेहरा दांव पर लगा दिया गया है।

गुना सीट से पिछले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव हारे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को टिकट दिया गया है। सिंधिया को हराने वाले भाजपा के वर्तमान सांसद केपी सिंह ही नहीं भाजपा के तमाम कार्यकर्ता भी अवाक हैं।जिन कार्यकताओं ने सिंधिया को हराया था उन्ही के कंधों पर अब सिंधिया को जिताने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जाहिर है भाजपा अपने कार्यकताओं को बंधुआ समझती है।

आपको याद होगा कि भाजपा ने 2020 में कांग्रेस से भाजपा में आए ज्योतिरादित्य सिंधिया इस समय राज्य सभा के सदस्य हैं। उनके स्थान पर सिंधिया के बेटे या बुआ को भी चुनाव लड़ाकर जीत तय की जा सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।अब सिंधिया के बेटे को पांच साल और प्रतीक्षा करना होगी। इस चुनाव में सिंधियाशाही की अग्निपरीक्षा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को खुद भी जीतना है और बाकी की तीन सीटें भी जिताना है।

भाजपा के शीर्ष नेता चाहकर भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को मैदान से नहीं हटा सके। फग्गनसिंह कुलस्ते की जरूरत भाजपा को फिर पड़ी। भोपाल में स्थानीय कार्यकताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए पूर्व महापौर आलोक शर्मा को प्रत्याशी बनाना पड़ा। जाहिर है कि भाजपा नेतृत्व पर मिशन 400 का भारी दबाव है।

भाजपा को मप्र की सभी 29 सीटों पर विजय के लिए अब जादू ही करना होगा, अन्यथा खजुराहो सीट से भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी उलझ सकते हैं। कांग्रेस ने ये सीट समाजवादी पार्टी को दी है। दोनों मिलकर चुनौती तो दे ही सकते हैं। उन्हें भी मोदी नाम ही जिता सकता है।

मप्र की राजनीति की धुरी रहे शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में अपने खास सिपहसालार आलोक शर्मा की लोकसभा में इंट्री सुनिश्चित करने का रास्ता बना दिया तो होशंगाबाद सीट से अपने समर्थक दर्शन सिंह चौधरी को भी टिकट दिला दिया। चौधरी इन दिनों भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं और उनके ही समाज (किरार) के हैं। राजगढ़ सीट से सांसद रोडमल नागर को भी पुनः टिकट दिलाने में वे सफल रहे। नागर भी किरार समाज से आते हैं।

सागर से लता वानखेड़े को टिकट दिलाने में भी तोमर-शिवराज की जोड़ी की ही भूमिका रही है। खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह के भारी विरोध के बाद भी दोनों नेताओं ने उन्हें फिर लोकसभा का टिकट दिलवा दिया। सतना से विधानसभा चुनाव में पराजय झेलने वाले गणेश सिंह के लिए भी शिवराज ने ही जोर लगाया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा अपने समर्थक आशीष दुबे को जबलपुर, सीधी से राजेश मिश्रा, रतलाम से अनीता चौहान को टिकट दिलाने में सफल रहे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कोटे में उनके अपने टिकट के अलावा कुछ नहीं है। टिकट वितरण में सिंधिया को उनकी हैसियत दिखा दी गई। भले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें अपना दामाद कहा था लेकिन दामाद को उनके अपने टिकट के अलावा दिया कुछ नहीं। इसे कहते है भई गति सांप-छछूंदर केरी।

## आया राम गया राम ने लंबे समय से भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित किया है

**संसद ने इस मामले का उपयोग भारतीय संविधान में 10वीं अनुसूची को जोड़ने को उचित ठहराने के लिए किया। यह कानून सदन के किसी अन्य सदस्य की याचिका के जवाब में विधायिका के पीठासीन अधिकारी द्वारा सांसदों को दलबदल के लिए अयोग्य घोषित करने की प्रक्रिया स्थापित करता है। कानून के अनुसार, यदि कोई राजनेता स्वेच्छा से अपनी पार्टी छोड़ देता है या हाउस ऑफ कॉमन्स में वोट पर पार्टी नेतृत्व के निदेशों की अवज्ञा करता है, तो वह दलबदल करता है। धारणा यह है कि विधायक इस व्यवहार से पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर रहे हैं। दल-बदल विरोधी विधेयक का उद्देश्य विधायकों को पाला बदलने से रोककर सरकार को स्थिर रखना है। दल-बदल विरोधी कानून ने भारत में बहस और चर्चा के बजाय पार्टियों और संख्या के आधार पर लोकतंत्र लागू किया। इस तरह से यह असहमति और दलबदल के बीच कोई अंतर नहीं करता है, जिससे किसी भी पैमाने पर संसदीय बहस कमजोर हो जाती है। दूसरी ओर, यह कानून राजनेताओं को उनके राजनीतिक दलों से अनिश्चित काल के लिए बाध्य नहीं करता है। विभिन्न परिस्थितियों में विधायक अयोग्य ठहराए जाने के डर के बिना दल बदल सकते हैं। यह कानून किसी पार्टी को किसी अन्य पार्टी के साथ विलय की अनुमति देता है यदि उसके दो-तिहाई सदस्य इसे स्वीकार करते हैं। ऐसे में किसी भी सदस्य पर दलबदल का आरोप नहीं लगता। अन्य स्थितियों में, यदि कोई व्यक्ति अध्यक्ष या अध्यक्ष के रूप में चुना गया था और उसे अपनी पार्टी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। परिणामस्वरूप, वे पद छोड़ने के बाद फिर से पार्टी में शामिल हो सकते हैं।**





**डॉ. सत्यवान सौरभ**
**सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक**

दल बदल आया राम गया राम अभिव्यक्ति के साथ शुरू हुआ, जिसने हरियाणा के विधायक गया लाल द्वारा एक ही दिन में तीन बार पार्टियां बदलने के बाद भारतीय राजनीति में लोकप्रियता हासिल की। यह 1967 में हुआ था। संसद ने इस मामले का उपयोग भारतीय संविधान में 10वीं अनुसूची को जोड़ने को उचित ठहराने के लिए किया। यह कानून सदन के किसी अन्य सदस्य की याचिका के जवाब में विधायिका के पीठासीन अधिकारी द्वारा सांसदों को दलबदल के लिए अयोग्य घोषित करने की प्रक्रिया स्थापित करता है। कानून के अनुसार, यदि कोई राजनेता स्वेच्छा से अपनी पार्टी छोड़ देता है या हाउस ऑफ कॉमन्स में वोट पर पार्टी नेतृत्व के निदेशों की अवज्ञा करता है, तो वह दलबदल करता है। धारणा यह है कि विधायक इस व्यवहार से पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर रहे हैं।

दल-बदल विरोधी विधेयक का उद्देश्य विधायकों को पाला बदलने से रोककर सरकार को स्थिर रखना है। दल-बदल विरोधी कानून ने भारत में बहस और चर्चा के बजाय पार्टियों और संख्या के आधार पर लोकतंत्र लागू किया। इस तरह से यह असहमति और दलबदल के बीच कोई अंतर नहीं करता है, जिससे किसी भी पैमाने पर संसदीय बहस कमजोर हो जाती है। दूसरी ओर, यह कानून राजनेताओं को उनके राजनीतिक दलों से अनिश्चित काल के लिए बाध्य नहीं करता है। विभिन्न परिस्थितियों में विधायक अयोग्य ठहराए जाने के डर के बिना दल बदल सकते हैं। यह कानून किसी पार्टी को किसी अन्य पार्टी के साथ विलय की अनुमति देता है यदि उसके दो-तिहाई सदस्य इसे स्वीकार करते हैं। ऐसे में किसी भी सदस्य पर दलबदल का आरोप नहीं लगता। अन्य स्थितियों में, यदि कोई व्यक्ति अध्यक्ष या अध्यक्ष के रूप में चुना गया था और उसे अपनी पार्टी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। परिणामस्वरूप, वे पद छोड़ने के बाद फिर से पार्टी में शामिल हो सकते हैं। भारत में परित्याग की अनेक घटनाएँ हुई हैं। कई विधायकों और सांसदों ने पार्टियां बदल ली हैं। 91वां संविधान संशोधन अधिनियम-2003 का लक्ष्य मंत्रिपरिषद के आकार को कम करना, दलबदलुओं को सार्वजनिक कार्यालय में प्रवेश करने से रोकना और भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची में सुधार करना था। पहले, विलय को एक राजनीतिक दल के निर्वाचित सदस्यों के एक तिहाई के दलबदल के रूप में परिभाषित किया गया था। संशोधन के बाद इसे कम से कम दो-तिहाई कर दिया गया। अदालत ने विधायक अयोग्यता के मामलों पर विचार करने में स्पीकर की व्यापक शक्ति की भी पुष्टि की।


यद्यपि हमारे देश के विधायकों की ओर से बार-बार और अपवित्र निष्ठा परिवर्तन के कारण होने वाली राजनीतिक अस्थिरता भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची के कारण काफी कम हो गई है, फिर भी भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची के अधिक तर्कसंगत संस्करण की आवश्यकता है। मणिपुर प्रशासन में कुछ मौजूदा विधायक हाल ही में विपक्ष में चले गए, जिससे राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता पैदा हो गई। मणिपुर में दलबदल की यह राजनीति असामान्य नहीं है; हाल ही में कर्नाटक, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी दलबदल हुआ है। विधानमंडल के सदस्यों द्वारा राजनीतिक दलबदल ने लंबे समय से भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित किया है।

दल-बदल विरोधी कानून ने निर्वाचित प्रतिनिधियों की आवाज को दबा दिया है। विधायकों द्वारा पार्टी अनुशासन का पालन न करना एक राजनीतिक समस्या है, और इसे अधिक आंतरिक पार्टी लोकतंत्र और पार्टी के सदस्यों के विकास के तरीकों के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। भारत के संविधान का एक हिस्सा इसकी मूल भावना के खिलाफ है। यह दसवीं अनुसूची है, जिसे 52वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया था। राजनीतिक दलबदल को रोकने के लिए 1985 में संसद द्वारा पारित किया गया, इसे आमतौर पर दलबदल विरोधी कानून के रूप में जाना जाता है। इसका उद्देश्य एक राजनीतिक दल के टिकट पर चुने गए विधायकों को दूसरे के प्रति अपनी निष्ठा बदलने से रोकना था। इसका उद्देश्य राजनीतिक स्थिरता लाना था।

तब से, इसने हमारे निर्वाचित प्रतिनिधियों की आवाज को दबा दिया है, संवैधानिक कार्यालयों को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है और हमारे लोकतंत्र का मजाक उड़ाया है। दल-बदल विरोधी कानून 37 वर्षों तक स्थिर सरकारें सुनिश्चित करने में विफल रहा है। कुछ हालिया उदाहरण उद्धृत किये जा सकते हैं।इन विफलताओं के बावजूद, दल-बदल विरोधी कानून को छोड़ने के बजाय उसे मजबूत करने की मांग उठ रही है। मूल प्रश्न यह है कि क्या किसी पार्टी के विधायकों को अपनी वफादारी दूसरे के प्रति स्थानांतरित करने से रोकना कानूनी रूप से संभव है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पैसे के अलावा, ह्लपद के लालच ने विधायकों के दल बदलने के फैसले में प्रमुख भूमिका निभाई।ह्व इसमें बताया गया है कि 1967 के चुनाव के बाद, सात राज्यों में दल बदलने वाले 210 विधायकों में से 116 उन सरकारों में मंत्री बन गए, जिन्हें उन्होंने अपने दलबदल से बनाने में मदद की थी। इससे यह सवाल उठता है कि क्या हमारे प्रतिनिधि केवल अपने राजनीतिक संगठन के प्रति ही जिम्मेदार हैं? या क्या उन लोगों की राय व्यक्त करने की भी उनकी कोई ज़िम्मेदारी है जिन्होंने उन्हें चुना है? भारत में, विधायकों द्वारा पार्टी अनुशासन का पालन न करने का प्रश्न एक राजनीतिक मुद्दा है, जो उनके और उनके राजनीतिक दल के बीच का मुद्दा है। यदि राजनीतिक दल चाहते हैं कि उनके सदस्य पार्टी लाइन पर चलें, तो उनके नेतृत्व को आंतरिक पार्टी लोकतंत्र, संवाद और अपने सदस्यों के विकास के रास्ते को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। असली सवाल यह होगा कि संविधान को उन राजनीतिक दलों की मदद के लिए क्यों आना चाहिए जो अपने सदस्यों को एक साथ नहीं रख सकते। यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि दल-बदल विरोधी कानून हमारी विधायिकाओं के प्रभावी कामकाज से लगातार समझौता कर रहा है।

## सबके प्रति सद्भाव रखने वाले सच्चे मानवतावादी व्यक्ति थे पंडित गोविन्द बल्लभ पंत

**पंडित गोविन्द बल्लभ पंत का देहान्त 7 मार्च, 1961 को हो गया था। पंत जी 1954 से 1961 तक भारत के गृह मंत्री और उससे पहले कई वर्षों तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे। वे लगभग 50 वर्षों तक देश के सार्वजनिक जीवन से जुड़े रहे थे। वे कर्तव्य-परायणता और देश हित को सर्वोपरि मानते थे। भारत सरकार ने पतं जी की असाधारण सेवाओं के सम्मानार्थ उन्हें 1957 में सर्वोच्च पदक भारत रत्न से विभूषित किया था। पंडित गोविन्द बल्लभ पंत का जन्म 10 सितम्बर, 1887 को अल्मोड़ा जिले के एक छोटे से पर्वतीय गाँव खूंट में हुआ था। उनके पिता मनोरथ पंत गढ़वाल जिले में सरकारी सेवक थे। उनके लिए यह सम्भव नहीं था कि वह अपने परिवार को गढ़वाल में अपने साथ रख सकें। अतः चार वर्षीय गोविन्द को लेकर उनकी माँ अपने पिता राय बहादुर बद्रीदत्त जोशी के पास अल्मोड़ा आ गईं। बालक गोविन्द की विद्यालयी शिक्षा-दीक्षा अल्मोड़ा में हुई थी। आठवीं और दसवीं कक्षा में उन्होंने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। 1905 में रैम्जे कॉलेज, अल्मोड़ा से पंत जी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। लगभग 18 वर्ष की आयु में पंत जी ने म्योर सेंट्रल कॉलेज, इलाहाबाद में प्रवेश किया। यह वह समय था जबकि 20वीं सदी के उदय के साथ-साथ भारत में भी नवजागरण आ चुका था। इन्हीं दिनों ह्यवंग भंगह्न आन्दोलन से भारतीय राष्ट्रवाद को बल मिला। पंडित पंत जो उन दिनों मैक्डॉनल हिन्दू बोर्डिंग हाउस में रह रहे थे, इन सब बातों के प्रति जागरूक थे। यह बोर्डिंग हाउस महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के अथक प्रयत्नों से स्थापित हुआ था और इसके छात्रों का उनसे सीधा सम्पर्क था। अतः मालवीय जी के ऊँचे आदर्शों, परिस्कृत विचारों और चरित्र से पंत जी का प्रभावित होना स्वाभाविक ही था।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार है**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा पंडित गोविन्द बल्लभ पंत ने अपनी प्रतिभा, सेवा, लगन और साधनामय जीवन के कारण विराट यश और अपूर्व गौरव अर्जित किया था वह उनके विशाल एवं विलक्षण व्यक्तित्व के सर्वथा अनुरूप था।

पंडित गोविन्द बल्लभ पंत का देहान्त 7 मार्च, 1961 को हो गया था। पंत जी 1954 से 1961 तक भारत के गृह मंत्री और उससे पहले कई वर्षों तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे। वे लगभग 50 वर्षों तक देश के सार्वजनिक जीवन से जुड़े रहे थे। वे कर्तव्य-परायणता और देश हित को सर्वोपरि मानते थे। भारत सरकार ने पतं जी की असाधारण सेवाओं के सम्मानार्थ उन्हें 1957 में सर्वोच्च पदक भारत रत्न से विभूषित किया था। पंडित गोविन्द बल्लभ पंत का जन्म 10 सितम्बर, 1887 को अल्मोड़ा जिले के एक छोटे से पर्वतीय गाँव खूंट में हुआ था। उनके पिता मनोरथ पंत गढ़वाल जिले में सरकारी सेवक थे। उनके लिए यह सम्भव नहीं था कि वह अपने परिवार को गढ़वाल में अपने साथ रख सकें। अतः चार वर्षीय गोविन्द को लेकर उनकी माँ अपने पिता राय बहादुर बद्रीदत्त जोशी के पास अल्मोड़ा आ गईं।

बालक गोविन्द की विद्यालयी शिक्षा-दीक्षा अल्मोड़ा में हुई थी। आठवीं और दसवीं कक्षा में उन्होंने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। 1905 में रैम्जे कॉलेज, अल्मोड़ा से पंत जी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की।

लगभग 18 वर्ष की आयु में पंत जी ने म्योर सेंट्रल कॉलेज, इलाहाबाद में प्रवेश किया। यह वह समय था जबकि 20वीं सदी के उदय के साथ-साथ भारत में भी नवजागरण आ चुका था। इन्हीं दिनों ह्यवंग भंगह्न आन्दोलन से भारतीय राष्ट्रवाद को बल मिला। पंडित पंत जो उन दिनों मैक्डॉनल हिन्दू बोर्डिंग हाउस में रह रहे थे, इन सब बातों के प्रति जागरूक थे। यह बोर्डिंग हाउस महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के अथक प्रयत्नों से स्थापित हुआ था और इसके छात्रों का उनसे सीधा सम्पर्क था। अतः मालवीय जी के ऊँचे आदर्शों, परिस्कृत विचारों और चरित्र से पंत जी का प्रभावित होना स्वाभाविक ही था।

फरवरी 1907 में गोपाल कृष्ण गोखले के इलाहाबाद आने पर आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मोतीलाल नेहरू ने की। गोखले ने एक घंटे से अधिक समय तक अपने भाषण में देशवासियों से मातृभूमि के लिए सब कुछ न्योछावर करने के लिए कहा। गोखले के इस ओजपूर्ण वक्तव्य का छात्र पंत के संवेदनशील मन पर गहरा असर पड़ा।

1909 में पंडित पंत ने एल०एल०बी० की परीक्षा पास की। वह विश्वविद्यालय में सर्वप्रथम रहे और उन्हें स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। वह कभी बोलते हुए घबड़ाते नहीं थे और उनके तर्क युक्तिसंगत होते थे। उनकी स्मरणशक्ति भी बहुत तेज थी। पंडित पंत ने नैनीताल में वकालत शुरू की और शीघ्र ही वह कुमाऊ क्षेत्र के अग्रणी वकील बन गए। 1916 में पंत जी ने लखनऊ के कांग्रेस अधिवेशन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कुमाऊ प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया था। इस तरह वकालत के साथ-साथ उनका राजनैतिक जीवन भी आरम्भ हो गया। 1926 में जब काकोरी कांड के अमर देशभक्तों पर मुकदमा चलाया गया तो पंडित पंत ने बचाव पक्ष के मुख्य वकील के रूप में अपनी निर्भीकता तथा देशप्रेम का अद्भुत परिचय दिया।

सन् 1928 के 29 और 30 नवम्बर को लखनऊ में साइमन कमीशन के बहिष्कार वाले जुलूस में पंडित पंत ने स्वयं अपने ऊपर घुड़सवार पुलिस के प्रहार को झेलकर अपने साथियों को चोट खाने से बचाया। ऐसा था सैनिकोंचित शौर्य पंडित पंत का। लखनऊ में हुए इस प्रहार ने उन्हें जीवन भर के लिये शारीरिक रूप से असमर्थ एवं पंगु बना दिया और वे जीवन पर्यन्त कमर सीधी न कर पाये।

1937 में जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राज्यों में मंत्रिमंडल बनाना स्वीकार किया तो पंत जी उत्तर प्रदेश के कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने गये और इस तरह उत्तर प्रदेश में पहला कांग्रेसी मंत्रिमंडल बना। जब सारे मंत्रिमंडलों ने 1939 तक इस्तीफा दे दिया, पंत जी ने अनोखी सूझ-बुझ और दूरदर्शिता से शासन चलाया। व्यक्तिगत सत्याग्रह के कारण सन् 1940 में पंत जी एक वर्ष के लिए बंदी बनाये गये और बाद में 1942 के असहयोग आन्दोलन के सिलसले में कांग्रेस कार्यकारिणी परिषद के अन्य सदस्यों के साथ अहमदनगर में कैद रखे गये। दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति पर वह केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य चुन लिये गये और साथ ही उत्तर प्रदेश संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष भी निर्वाचित हुए।पंत जी पुनः 1946 में उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिये निर्वाचित हुए और मुख्यमंत्री बने। पंत जी ने अपने लगभग आठ वर्ष के कार्यकाल में जनसाधारण की दशा सुधारने का यथाशक्ति प्रयास किया। उन्होंने जमींदारी प्रथा की समाप्ति की, तराई के विस्तृत क्षेत्र के विकास के लिए वहाँ पर कर्मठ और परिश्रमी किसानों को बसाया। मुख्यमंत्री के रूप में पंत जी के कुशल शासन का ज्वलंत प्रमाण था 1947 के हिन्दू-मुस्लिम दंगों के दौरान उत्तर प्रदेश में शान्ति बनाए रखना जबकि पूरे देश में साम्प्रदायिकता का विष फैल रहा था। पंत जी विनम्र प्रकृति के थे, चाहे मित्र हो, चाहे विरोधी सबके प्रति उनका व्यवहार नम्र था। वे शांति प्रिय और सबके प्रति सद्भाव रखने वाले सच्चे मानवतावादी व्यक्ति थे। उनकी योग्यता, नम्रता, सच्चाई और सरलता तथा निस्पृयता की कहानी आज भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

## दुनिया की सबसे महंगी अनंत-राधिका अंबानी की शादी

सनत जैन

भारत के गुजरात में दुनिया की सबसे महंगी शादी का रिकॉर्ड बनने जा रहा है। इस शादी के प्रीवेडिंग में 1000 करोड रुपए से अधिक घोषित रूप से, तथा अघोषित रूप से करोड़ों रुपए खर्च हुएहैं। दुनिया की यह सबसे महंगी शादी है। अनंत और राधिका की शादी ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। मुकेश अंबानी ने अपनी बेटी ईशा अंबानी की शादी में लगभग 700 करोड रुपए खर्च किए थे। अपने बेटे अनंत अंबानी की शादी में 1000 करोड रुपए से ज्यादा घोषित रूप से खर्च किए हैं। भारत में सबसे महंगी शादी का विश्व रिकॉर्ड होगा। इस शादी में दुनिया भर से मेहमान भारत आए हैं। 1 मार्च से लेकर 3 मार्च तक बड़े स्तर पर प्री वेडिंग के फंक्शन रखे गए हैं। लाइव फंक्शन और लाइट डेकोरेशन में करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं। इंटरनेशनल स्टार रिहाना और बॉलीवुड सिंगर अरिजीत सिंह के लाइव शो में एक अरब रुपए से ज्यादा खर्च किए गए हैं। मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी की जब शादी हुई थी। ईशा की शादी ने सबसे महंगी शादी का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। उस शादी के रिकॉर्ड को मुकेश अंबानी ही तोड़ने जा रहे हैं। अनंत और राधिका की शादी में 1000 करोड रुपए से अधिक खर्च कर रहे है। अनंत राधिका की प्री वेडिंग गुजरात के जामनगर में हो रही है। शादी मुम्बई में होगी। अनंत की दादी का जन्म जामनगर में हुआ था। जामनगर से ही धीरूभाई अंबानी ने अपने बिजनेस का सफर शुरू किया था।मुकेश अंबानी ने भी जामनगर से अपने बिजनेस को आगे बढ़ाया। गुजरात के जामनगर को दुनिया भर में यादगार बनाने के लिए, जामनगर में प्री वेडिंग का आयोजन किया गया है। दुनिया भर से मेहमानों को जामनगर आमंत्रित किया गया। 10 दिनों के लिए जामनगर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दर्जा भारत सरकार ने दिया है।100 से अधिक निजी जेट विमान जामनगर पहुंचे हैं। दुनिया में अनंत और राधिका की शादी ने एक इतिहास रच दिया है।सबसे महंगी शादी का यह वर्ल्ड रिकॉर्ड बनना तय है। मुकेश अंबानी दुनिया के 10 सबसे बड़े धनवानो में शामिल हैं। उस हिसाब से शादी में यदि वह 1000 करोड रुपए से अधिक खर्च कर रहे हैं, तो इसे कोई बड़ी रकम नहीं कहा जा सकता है। भारतीय परिवारों मे शादियों पर भारी खर्च करने का शौक होता है। निम्न और मध्यम वर्ग भी अपनी आर्थिक हैसियत के अनुसार शादी में अपनी सीमा से अधिक खर्च करता है। अनंत अंबानी की शादी में मुकेश अंबानी ने दिल खोलकर अपनी हैसियत के अनुसार सीमित पैसा ही खर्च कर रहे हैं। शादी और प्री वेडिंग के सभी समारोह में हुए खर्च को जोड़ लिया जाए, तो इस शादी मे 2000 करोड रुपए से ज्यादा खर्च किया जा रहा है। मुकेश अंबानी ने आसपास के कई गांव के लोगों को भोजन पर आमंत्रित किया। उन्हें भोजन कराया,अंबानी परिवार ने स्वयं गांव के अतिथियों को खाना परोसा। अनंत अंबानी के बड़े भाई आकाश अंबानी की शादी के खर्च का कोई खुलासा नहीं हुआ।आकाश अंबानी की शादी के स्विट्जरलैंड में प्री वेडिंग सेलिब्रेशन के आयोजन हुए थे। इसमें 500 से अधिक मेहमानों को बुलाया गया था। होटल में 1लाख रुपए प्रतिदिन से अधिक किराए वाले सैकड़ो कमरे बुक किए गए थे। आकाश की शादी का जो कार्ड छपा था। उस कार्ड की कीमत डेढ़ लाख रुपये प्रति कार्ड थी। जामनगर के इस प्री वेडिंग सेलिब्रेशन में कई फंक्शन आयोजित किए गए। 77 करोड रुपए का भुगतान अकेले रिहाना अंतर्राष्ट्रीय सिंगर को किया गया है। बॉलीवुड की हस्तियां जिसमे शाहरुख खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, करीना कपूर और अन्य परिवार के साथ शादी में भाग लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में फिल्मी कलाकार पहुंचे। विदेश से जो मेहमान प्री वेडिंग समारोह में भाग लेने के लिए जामनगर पहुंचे हैं। समारोह की भव्यता और खर्च को देखकर देशी-विदेशी अतिथि हतप्रभ है। विदेशी मेहमानों में आरामको पेट्रोलियम कंपनी के सीईओ, माइक्रो सॉफ्ट के बिल गेट्स, फेसबुक के मालिक जुकरबर्ग, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका, कतर के प्रधानमंत्री, सुंदर पिचाई, इंग्लैंड के क्रिकेटर सेमकरन अपनी गर्लफ्रेंड इसाबेला ओर कई महत्वपूर्ण विदेशी और देसी सेलिब्रिटी अनंत-राधिका अंबानी के प्री वेडिंग समारोह में शामिल हुए हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री सहित कई राजनेता और बड़े-बड़े नौकरशाह भी शादी में शामिल हुए हैं। 3 दिन के शादी समारोह के लिए 220 से ज्यादा पकवान तैयार कराए गए। भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सैफ द्वारा भोजन तैयार किया गया। अनंत अंबानी के शादी की भव्यता, स्पेशल कार्यक्रमों, शादी एवं विभिन्न कार्यक्रमों की सजावट देखकर हर मेहमान आश्चर्यचकित थे। फाइव स्टार होटल की सुविधा वाले सैकड़ो कॉटेज जामनगर में तैयार कराए गए थे। जिस पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। आयोजन स्थल पर आमंत्रित मेहमानों को फाइव स्टार जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। कई विदेशी मेहमानों ने पहली बार भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनुसार इस भव्य समारोह के आयोजन देखकर आश्चर्यचकित थे। अनंत और राधिका अंबानी की शादी ने सारी दुनिया में भारत की शान-शौकत को नए रूप में पेश किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### महाशिवरात्रि की तैयारी हुई शुरू

लहलादपुर। शिव-शक्ति शुभ विवाह को लेकर प्रखंड क्षेत्र के दंदासपुर गांव के ढोंढ़स्थान स्थित प्रसिद्ध श्रीढोंढ़नाथ मंदिर की सजावट एवं महाशिवरात्रि की तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है. मंदिर एवं परिसर की साफ-सफाई के साथ सुव्यवस्थित ढंग से दुकानों को लगाने के युगत में लोग लग गये हैं. महाशिवरात्रि के दिन यहां लगने वाली अपार भीड़ को मद्देनजर रखते हुए प्रशासन भी सजग है. महाधिदेव श्रीढोंढ़नाथ महादेव का जलाभिषेक करने आने वाले शिव भक्तों की सुविधा के लिये बांस-बल्ला से घेरा बनाने तथा सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन भी तत्पर दिख रहा है. यहां दंदासपुर गांव टोले नवकी बाजार से निकलने वाली शिव बारात में शामिल झांकियों को काफी आकर्षक बनाने की भी तैयारी चल रही है. बताते चलें कि शिव-शक्ति विवाह के कथा-पूजा एवं मटकोड़ी विधि में ही हजारों की संख्या में भीड़ लगती है. बारात में तो अपार भीड़ हो जाती है, जिसे संभालने के लिये पुलिस फोर्स की व्यवस्था करनी पड़ जाती है. मेलार्थियों की सुरक्षा के लिये सीओ शम्मी कुमार, बीडीओ नीलेश कुमार तथा थानाध्यक्ष प्रीति राज विधि-व्यवस्था की निगरानी में लगे हुए है।

### बाबालाल दास की पुण्यतिथि 12 मार्च को : तैयारियां जोरों पर

इसुआपुर। साकेत वासी बाबा लाल दासजी महाराज की पुण्यतिथि आगामी 12 मार्च को बाबा लाल दास के मठिया परिसर में मनाई जाएगी। जिसकी तैयारियां जोरों पर है। निर्वान संघ के संस्थापक सत्येंद्र जी महाराज की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें दर्जनों सामाजिक कार्यकताओं तथा धर्मावलंबियों ने भाग लिया। तैयारी को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। अखंड रामायणपाठ, प्रवचन, ब्भजन, संगीत, भंडारा, प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रमों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। बैठक में विक्रमा सिंह, राजेश प्रसाद, त्रिभुवन चतुवेर्दी, जगन्नाथ प्रसाद, अशोक राम, नवल चौबे, उपेंद्र भगत, अमीर साह, सुरेश शर्मा, कपिल राम, रंजन कुमार, किशोर कुमार, रामबाबू कुशवाहा, भगवान शर्मा व अन्य ने विचार रखे।

### नवपदस्थापित सैनिक कल्याण पदाधिकारी ने दिया योगदान

छपरा। जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी के पद पर कर्नल संतोष कुमार त्रिपाठी का प्रतिस्थापन हुआ है। इससे पहले वरीय उप समाहर्ता निपुण कुमारी प्रभार में थी। नवपदस्थापित सैनिक कल्याण पदाधिकारी हाजीपुर में पदस्थापित थे। निपुण कुमारी ने करना संतोष कुमार त्रिपाठी को प्रभार सौप दिया। इस आशय की जानकारी राकेश खालखो ने दी।

### बनियापुर पुलिस ने आपसी विवाद मे फायरिंग के मामले किया गिरफ्तार

बनियापुर । बनियापुर पुलिस अबैध हथियार व हर्ष फायरिंग के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है।जिस क्रम मे गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुर गाव मे आपसी विवाद मे हर्ष फायरिंग करने वाला अपराधी को दो जिंदा करतूस व 16 खोखा के साथ गिरफ्तार कर लिया है। मामले मे थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने दर्ज प्राथमिकी मे बताया है कि गुप्त सूचना मिली थी कि पाण्डेयपुर गाव मे आपसी विवाद मे एक व्यक्ति फायरिंग कर रहा है,जिसके सत्यापन के लिए पुलिस मौके पर पहुंची जहा राणा कुमार सिंह के पास से दो जिंदा कारतूस,16 खोखा बरामद किया गया,जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित थाना कांड संख्या 73/24 दर्ज करते अन्य सुसंगत धाराओं मे आरोपित करते जेल भेजा गया है।वही इसी अभियान के तहत एन एच 90 के समीप उच्च विद्यालय सहाबुद्दीन भिट्ठी के पास से दो अपराधियों को पुलिस ने देशी रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### मोतिहारी में चौथे दिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

मोतिहारी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार पटना द्वारा मोतिहारी में 9 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के साथ आज आज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के चौथे दिन के कार्यक्रम का आरंभ स्कूली बच्चों ने प्रदर्शनी का अवलोकन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भाग लेने के साथ शुरू हुआ इसके बाद विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ विभिन्न योजनाओं के काउंटर भी लगे जहां पर निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही हैं। सुबह से शाम तक चलने वाले इस कार्यक्रम करीब - करीब हजारो लोगों ने हिस्सा हिस्सा लिया और प्रदर्शनी स्थल पर लगे काउंटर पर ऑन स्पॉट निःशुल्क सुविधा भी उठाया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री जावेद अंसारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राखी गुप्ता द्वारा लगाया गया सिताब दियरा में नि:शुल्क आँख जांच शिविर

## एक हजार से अधिक लोगों ने पाया परामर्श, दवा व चश्मा दिया गया निःशुल्क

- अब तक 850 से अधिक लोगों का हो चुका है नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय।उषा श्रीप्रकाश मेमोरियल एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर ट्रस्ट और क्लियर दृष्टि आई केयर के द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन सिताब दियरा में किया गया। शिविर का उद्घाटन छपरा नगर निगम की पूर्व मेयर राखी गुप्ता द्वारा किया गया। निशुल्क आंख जांच शिविर का शुभारंभ भोला सिंह, सुदर्शन राम, डॉ ददन महतो, विश्वनाथ सिंह, लालबाबू यादव, अलोक सिंह, मनु सिंह, अरुण सिंह, मनोज सिंह, पंकज सिंह, श्याम कुमार, विनय चौधरी, सोना सिंह, विजय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर के माध्यम से लगभग बारह एक हजार को चिकित्सीय परामर्श पाया। दवा और चश्मा निशुल्क लोगों को दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी की नगर निकाय प्रकोष्ठ भाजपा बिहार की प्रदेश उपाध्यक्ष व छपरा नगर निगम की पूर्व मेयर राखी गुप्ता ने बताया कि यह पहली बार नहीं है कि जनता की सेवा के लिए कैंप लगाया गया है। मेरे द्वारा चुनाव से पहले और चुनाव के बाद भी लगातार आम जनता के लिए कैंप लगाकर लोगों को सेवा प्रदान किया जा रहा है। अब तक लगभग 850 से अधिक लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क कराया जा चुका है। जिन लोगों को मेजर प्रॉब्लम आंखों से है उन लोगों का ऑपरेशन भी प्राइवेट अस्पताल में कराया गया है। जनता की सेवा में हम तत्पर हैं। भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्री प्रकाश ओनामेंट्स के ओनर वरुण प्रकाश राजा ने कहा कि लगातार जनता की सेवा हम लगे हुए है। जनता की सेवा ही मेरा धर्म हैं। जनता की सेवा की बदौलत ही जनता ने हमें छपरा नगर निगम की जिम्मेदारी सौंपी हैं। 11 मार्च को आंख का ऑपरेशन के लिए लोगों को अखंड ज्योति मस्ती चख आँख अस्पताल भेजा जाएगा। आने वाले दिनों में भी आंख का कैंप ग्रामीण क्षेत्र कोपा, विशुनपुरा, नैनी, में लगाया जाएगा, इसकी जानकारी जल्द ही दी जाएगी। इस अवसर पर भोला सिंह, सुदर्शन राम, डॉ ददन महतो, विश्वनाथ सिंह, लालबाबू यादव, अलोक सिंह, मनु सिंह, अरुण सिंह, मनोज सिंह, पंकज सिंह, श्याम कुमार, विनय चौधरी, सोना सिंह, विजय कुमार, विजेंद्र सिंह, दीपक पटेल, संदीप स्वराज, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

# माँझी प्रखंड के लेजुआर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



मांझी। प्रखण्ड के लेजुआर पंचायत के साधपुर छत्तर गांव स्थित हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 186 पर महिला पर्यवेक्षिका हिना परवीन की अध्यक्षता व सीडीपीओ पूजा रानी के देखरेख में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ महिलाओं को शिक्षा व मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। वहीं लोक कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उन्हें जागरूक किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने बेटियों निश्चित रूप से पढ़ाने व शत-प्रतिशत मतदान करने करने व कराने का संकल्प लिया। वहीं इससे सम्बंधित नारे भी लगाए गए। पर्यवेक्षिका हिना परवीन व सेविका ज्योति कुमारी ने बताया कि बेटियों में शिक्षा व मतदाताओं में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेषकर महिलाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न आगनवाड़ी केंद्र की सेविकाओं में रेखा देवी, संजू देवी, शायदा खातून, शीला देवी, कलावती देवी, सुनीता देवी, सुमिता देवी, अहिल्या कुमारी व सेविकाओं में रीता सिंह, रमावती देवी, इंदु देवी, रिंकू देवी, माधुरी देवी, सुनीता देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने नारी गौरव सम्मान से राखी गुप्ता को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के द्वारा पटना में नारी गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर यादव जी और पुर भवन मंत्री श्री अशोक चौधरी जी ने ने नारी गौरव सम्मान से राखी गुप्ता को सम्मानित किया। इस अवसर पर कैट के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने शुभकामनायें एवं बधाई दी। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि नन्द किशोर यादव ने कहा कि हमारे सनातन संस्कार में तो नारी हमेसा से पूजनीय और आगे रही है, मैं नही मानता कि हमारा देश पुरूष प्रधान देश है, पुरूष और नारी तो एक दूसरे के पूरक रहे है। अब तो विधानसभा में भी आप महिलाओं को 33% का आरक्षण मिला गया।

# पति ने पत्नी को खुरपी से काट कर की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता



मकेर (सारण) थाना क्षेत्र के बिक्रम कैतुका गांव में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर मौत के घाट उतार दिया । घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि पति पृथ्वी चंद शर्मा दिन के दोपहर अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसे उग्र होकर बगल में पड़ा खुरपी से ताबड़तोड़ हमला कर काट कर जख्मी कर दिया जहाँ उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मकेर थाना अध्यक्ष दलबल के साथ हत्यारा पति को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रहा था तबतक उसने चालक पर हमला कर जख्मी कर दिया ।काफी प्रयास के बाद उसे गिरफ्तार किया गया और पुलिस वाहन चालक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।मृतका नीलम देवी की उम्र 35 वर्ष है वह अपनी मायका गरखा में नर्सिंग स्टाफ का काम करती है ,वह शनिवार को ससुराल बिक्रम कैतुका आयी थी ।उसे तीन पुत्र है ।इस बिभीषत घटना से ग्रामीण काफी मर्माहत हैं ।इस संबंध में थाना अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने बताया है कि हत्यारा पति पृथ्वी चन्द्र शर्मा को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है वही मृतका पत्न ी नीलम देवी की शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है ।कुछ ग्रामीणों का कहना है कि वह वाहर काम करता था लेकिन पत्नी और बच्चा की देखभाल नही करता था। पत्नी कमाने और बच्चों की परवरिश करने की बात कहती थी जिससे आजिज होकर इस घटना का अंजाम दिया ।फिलहाल पुलिस पृथ्वी चंद से हत्या के कारणों की जांच करने में जुटी हैं ।

# महाशिवरात्रि के पूर्व प्रजापिता ब्रह्म कुमारी संस्था में कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता


रक्सौल। स्थानीय शहर के नागा रोड शिवपुरी स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ॐ शांति भवन के प्रांगण में महाशिवरात्रि के पूर्व शिव बाबा के पूजा अर्चना हेतु एक एक कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय संचालिका ज्ञानू दीदी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहर के वरिष्ठ अभिभावक भरत प्रसाद गुप्त, स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार, शिवपूजन प्रसाद, संजय सर, राजकुमार पाण्डेय, ज्योति राज गुप्ता, रवीना दीदी, मीना दीदी, बेली दीदी एवं ज्ञानू दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किए। कार्यक्रम में शिव बाबा से सबने आशीर्वचन लिया। आगंतुक अतिथियों को सम्मानित करने के साथ सबको चंदन टीका लगाने के बाद अतिथियों द्वारा संबोधन किया गया। तत्पश्चात ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया। उसके बाद झंडोत्तोलन किया गया। वहीं उसके बाद शहर में शोभा यात्रा और झांकी निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन छोटेलाल भाई ने किया। मौके पर निलेश भाई सहित अन्य शामिल थे।

# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण, वाहन एवं सामग्री कोषांग के कार्यों की हुई समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन को लेकर गठित विभिन्न कोषांगों द्वारा विभिन्न कार्यों को लेकर पूर्व तैयारी की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी अमन समीर ने आज अपने कार्यालय वेश्म में प्रशिक्षण कोषांग, वाहन कोषांग एवं सामग्री कोषांग के कार्यों की समीक्षा की गई। प्रशिक्षण कोषांग के संदर्भ में बताया गया कि सभी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिये 310 मास्टर ट्रेनर चिन्हित किये गये हैं। सबसे पहले इन सभी मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण सामग्री निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अद्यतन मानक एवं प्रावधानों के अनुरूप होना चाहिये। प्रशिक्षण छोटे छोटे बैच में कराने को कहा गया। प्रशिक्षण में प्रश्न एवं उत्तर का सत्र अनिवार्य रूप से शामिल करने को कहा गया। प्रशिक्षण हेतु जिला मुख्यालय के 5 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है ।सभी प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण लेने वाले कर्मियों के लिये पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये जाने वाले कर्मियों की अनुपस्थिति को त्वरित संज्ञान में लेने की कारगर व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के यहाँ तत्काल स्थानीय टीम को भेजकर कारण पृच्छा की जायेगी ।संतोषप्रद कारण नहीं पाये जाने पर संबंधित कर्मी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

# युवा उद्यमी के रूप में छपरा के युवा ई. अभिजीत श्रीवास्तव बिहार से हुए पुरस्कृत




प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। उत्तर बिहार का प्रमुख सारण जिला मुख्यालय छपरा का निवासी ई.अभिजीत श्रीवास्तव को बिहार से युवा उद्यमी के रूप में प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया है। बताते चले कि सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों की संस्था कायस्थ परिवार छपरा, सारण के संस्थापक सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता और राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय आयोग, सारण के जिला प्रभारी ई.अभिजीत श्रीवास्तव को पटना में आयोजित व्यापारिक समारोह में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बॉलीवुड अदाकारा भाग्यश्री के द्वारा युवा उद्यमी बिहार से पुरस्कृत किया गया जो उनकी कंपनी अभिन्नोंवेशन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक के कार्य हेतु था। ई.अभिजीत श्रीवास्तव को इस उपलब्धि के लिए कायस्थ परिवार, छपरा ,सारण के सभी संस्थापक सदस्यों राजेश कुमार सिन्हा , डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव , अजय सहाय , सुमन कुमार सोनू,प्रिंस राज,मुकुंद मोहन राजू मनीष कुमार सिन्हा सहित अन्य चित्रांश रूपेश नंदन ,भूपेश नंदन ,ब्रजेन्द्र किशोर ने बधाई दी तथा कहा कि छपरा का यह युवा उद्यमी अपने कम्पनी के माध्यम से बिहार सहित अन्य प्रांतों में एक अमिट छाप छोड़ा है तथा इनके इस उपलब्धि पर छपरा के लोगो खासकर चित्रांश बंधुओं में काफी गर्व है।

पटना में एक सादे समारोह में दिए गए सम्मान के दौरान आयोजित कार्यक्रम में अभिन्नोवेशन कंपनी के सभी प्रबंधक व कर्मचारी विकास कुमार यादव , सौरभ तिवारी , अखंड प्रताप सिंह , दीपक कुमार ,अनुज हंसपाल , दिवाकर मल्होत्रा साथ ही साथ सह निदेशक अभिप्रिया श्रीवास्तव पारिवारिक सदस्य सरिता श्रीवास्तव आदित्य श्रीवास्तव एवं श्रीनिका श्रीवास्तव ,मौजूद थी।

# लायंस छपरा ग्रेटर ने किया अन्नपूर्णा खिचड़ी वितरण

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। लायंस क्लब आफ छपरा ग्रेटर के द्वारा 170 गरीबों एवं भूखे को अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण का कार्यक्रम अंश फ्लैश श्री दावत रेस्टोरेंट के नीचे किया गया खिचड़ी खाकर गरीब मजदूर रिक्शा वाले काफी खुश हुए और क्लब के लोगों को दुआएं दी। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस जेड ए रिजवी ने बताया कि खिचड़ी-वितरण का यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को दिन में 1:00 बजे से किया जाएगा । इस प्रोग्राम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका प्रोग्राम अध्यक्ष रिजवी राज, क्लब सचिव राजेश कुमार उपाध्याय, डॉ कामेश्वर राय सुमन कुमार सिंह, दावत रेस्टोरेंट के मालिक दिलीप कुमार चौरसिया की रही। इस कार्यक्रम में खास मेहमान बुस्तामि खान नगर पंचायत कोपा थे। क्लब उपाध्यक्ष विभूति नारायण शर्मा, मनीष मिश्रा, रविकांत, सोना लाल सिंह लियो उपाध्यक्ष रूपेश कुमार, सहित कई लायन साथी ने कार्यक्रम को सफल बनाया ।इस कार्यक्रम की जानकारी उपाध्यक्ष विभूति नारायण शर्मा ने दी।

# अधिवक्ता दारोगा प्रसाद की मूर्ति एवं पुस्तकालय का हुआ उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा विधि मंडल के दारोगा प्रसाद पुस्तकालय का उदघाटन एवं दारोगा प्रसाद के मूर्ति का अनावरण जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग ने किया । उद्घाटन समारोह में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी सुनील कुमार त्रिपाठी उपस्थित थे ।छपरा विधि मंडल के महामंत्री अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहां की पुस्तकालय को अति आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया गया है। ताकि छपरा के विधि मंडल के अधिवक्ताओं को कोई परेशानी ना हो। उद्घाटन समारोह में छपरा विधि मंडल के कार्यकारिणी के सभी सदस्य और दरोगा प्रसाद पुस्तकालय जीणोर्धार कमेटी के सुभाष चंद्र श्रीवास्तव शिशिर कुमार सिन्हा मुरली श्रीवास्तव पवन श्रीवास्तव दुर्गेश प्रकाश बिहारी मदनजीत शरण प्रकाश रंजन श्रीवास्तव सहित अधिवक्ता कृपा शंकर सिंह मनोज कुमार सिंह रंजन प्रसाद भक्त नरेंद्र कुमार पांडे श्याम बाबू सिंह गंगोत्री प्रसाद सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे।

# गुरुकुल विद्यालय के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने बिखेरा जलवा

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा । नगर पंचायत के छपरा सिवान मुख्य मार्ग के पावर ग्रिड के समिप गुरुकुल पब्लिक स्कूल 6 वां वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से एक बढ़कर कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। जिसे देखकर मुख्य अतिथि बच्चों के अभिभावक मन मुग्ध हो गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में पहुंचे सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद एवं सांस्कृतिक धरोहर एवं महापुरुषों के जीवन तथा आदर्श पर चलने समय समय पर संस्कृति कार्य कार्यक्रम का आयोजन होनी चाहिए । इससे बच्चे सिख लेते हैं । इस छोटे शहर में इस विद्यालय के बच्चे के संस्कार दिख रहा है । जिसपर सांसद ने शिक्षक के साथ पूरे स्कूल के परिवार बधाई दिए व उनके उज्जवल भविष्य कि कामना किया ।

साथ ही कहा कि यह विद्यालय के बच्चों इतने सुसज्जित है । इसे देखकर आने वाले दिनों में यह विद्यालय इस क्षेत्र मैं एक अपनी पहचान होगी । जिस उम्मीद से विद्यालय यह का नाम गुरुकुल रखा गया है । बच्चों एवं शिक्षकों को कड़ी मेहनत व लगन के बदौलत रामायण एवं महाभारत के समय जो गुरूकुल में शिक्षा एवं संस्कार दिया जाता था । उससी सम्मान इस विद्यालय में दिख रहा है। वही विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा बिहार के संस्कृति कल्चर एवं कल्ला तथा महापुरुषों द्वारा राष्ट के प्रति जो भाव थी । स्वरूप कार्यक्रम के माध्यम से दिखाकर दर्शकों का भाव विभोर कर दिए। इसके अलावे एक से बढ़कर एक गित संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिनमें बदरिया घिर आई रे सजनी चल चल तोहके बिहार घुमाई अपन है बिहार जय हो बिहार के लाल के साथ-साथ बिहार के ऐतिहासिक सूर्य उपासना एवं पूर्व छठ पूजा की झांकी बच्चों ने द्वारा प्रस्तुति किया गया है। जिसे देखकर दर्शक जमकर वाह वही चर्चा दर्शकों कि जुबानी सुनने को मिलीं। इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथियों मैं सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष देव कुमार सिंह कामेश्वर मुन्ना सिंह लायन्स विक्की आनंद मनोज वर्मा सुशील वर्मा स्टूडेंट्स अफ द ईयर शामनी गुरु द ईयर क्षितिज पिंयानद पप्पू सिंह समाजसेवी योगेन्द्र शर्मा ,प्रमोद सिंह आदि काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन रितु कुमारी ने किया। साथ ही विद्यालय की ओर से अपने बेहतर कार्य करने वाले कमीर्यों को अंग वस्त्र व मेडेल

### रामगढ़वा प्रखंड के गुरहनवा एवं धन्हर दिहुली बना बाल विवाह मुक्त गांव

रक्सौल। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड रामगढ़वा के पंचायत धनहर दिहुली का गांव गुरहांवा व धनहर दिहुली गांव को बाल विवाह मुक्त गांव घोषित मुखिया सुगंधी देवी ने इसकी घोषणा की है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया पति जीतन सिंह, वार्ड सदस्य गुरहन्वा पिंकी कुमारी पति रंजय पटेल रामजन्म सिंह वार्ड सदस्य धनहर दिहुली व प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण के सामूदायिक सामाजिक कार्यकर्ता उमेश कुमार श्रीवास्तव व अजय कुमार द्वारा किया गया। प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण की परियोजना एक्सेस तो जस्टिस के तहत नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के आवाहन पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत करीब 1 वर्षों से निरंतर प्रयास से गांव में जागरूकता कार्यक्रम एवं बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई जा रही थी।

# राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यकम: एनटीईपी कार्यक्रम से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यकम (एनटीईपी) के अंतर्गत मासिक बैठक का आयोजन सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र (डीटीसी) में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के उद्देश्य से टीबी मुक्त पंचायत की शत-प्रतिशत सफलता को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं एनटीईपी कार्यक्रम से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन कर संबंधित अधिकारी और पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वर्ल्ड विजन इंडिया के द्वारा बताया कि टीपीटी कार्यक्रम सुचारू रूप से आशा कार्यकताओं के सहयोग से किया जाए। इस अवसर पर डीपीएस मुकेश कुमार, एसटीएलएस कुमार अमित, एसटीएस संतोष कुमार गुप्ता और मुकेश कुमार, सहायक रतन संजय, लैब टेक्नीशियन अखिलेश मिश्रा, संजय कुमार गिरि और संजेश कुमार सिंह, सिफार के क्षेत्रीय कार्यक्रम समन्वयक धर्मेंद्र रस्तोगी, वर्ल्ड विजन इंडिया के डीसी रणधीर कुमार, जिला पर्यवेक्षक पंकज कुमार सिंह, रीच इंडिया के डीसी अभिषेक कुमार, ट्राई इंडिया के कलस्टर हेड विकास कुमार सिंह और डीसी मनीष श्रीवास्तव, ग्रामीण चिकित्सा कल्याण विकास संस्थान के सचिव सुरेंद्र कुमार के अलावा यक्ष्मा विभाग से जुड़े जिले के सभी यक्ष्मा कर्मी यथा एसटीएस, एसटीएलएस, एलटी, बीसीजी प्रावैधिक, डिस्पेशर, यक्ष्मा सहायक सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। टीबी मरीजों का विभागीय स्तर पर किया जाता है पर्यवेक्षण एवं निगरानीः डॉ आरपी सिंह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आगामी वर्ष 2025 तक पूरे देश से टीबी जैसी संक्रामक बीमारी का उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है।

# जिला अवकाफ कमेटी की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। सोमवार को नवपदस्थापित जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय के सभागार में सारण जिला औकाफ कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में औकाफ कमेटी के सदस्यों ने औकाफ कमेटी से संबंधित सुझाव दिया। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश ने गत बैठक की समीक्षा करते हुए पूर्व में लिए गए निर्णय को बारिकी से समझा। उन्होंने कमेटी के नियमित बैठक करने का भी आश्वासन दिया। बैठक में पदाधिकारी रवि प्रकाश, कमेटी के सचिव मोहम्मद जहांगीर मुन्ना, संयुक्त सचिव मोहम्मद अयूब, मो.खुर्शीद आलम, मोहम्मद अमजद आलम, मेराजुद्दीन गुड्डू, उपाध्यक्ष शकीला बानो, मुस्तफा कमाल, सैयद अबुल हसन, सय्यद फैयाज इमाम तथा अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय के नाजीर अबूल



# मोहम्मद हफीज को हटाने पर बोले इंजमाम उल हक-पीसीबी के फैसले पर उठाए सवाल



**कराची ।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने मोहम्मद हफीज को हाल में खराब नतीजों के कारण टीम निदेशक पद से हटाने के लिए देश के क्रिकेट बोर्ड की आलोचना की। इंजमाम ने साथ ही कहा कि जब अधिकारी ही टीम के प्रदर्शन के लिए कोई जिम्मेदारी उठाने से इनकार कर रहे हैं तो प्रशासनिक भूमिका निभा रहे पूर्व खिलाड़ियों को निशाना बनाना अनुचित है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-3 की हार के बाद न्यूजीलैंड से टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृखंला में मिली 1-4 की हार के बाद पिछले महीने हफीज से नाता तोड़ लिया था। हफीज का अनुबंध शुरू में कम समय के लिए था लेकिन खेल मंत्रालय की सिफारिश के बाद न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला के बाद इसे समाप्त कर दिया गया।

इंजमाम ने एक टीवी शो पर कहा, 'क्या कोई मुझे मोहम्मद हफीज को टीम निदेशक पद से हटाने तथा आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे के बाद मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज को बरकरार रखने के पीछे का कारण समझा सकता है। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा, 'क्या दोनों को एक ही समय नियुक्त नहीं किया गया था और दोनों को एक ही जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी तो फिर सिर्फ हफीज को ही जिम्मेदार क्यों ठहराया गया और वहाब रियाज को नहीं?

पिछले साल विश्व कप के दौरान इंजमाम ने मुख्य चयनकर्ता पद से इस्तीफा दे दिया था, उन्होंने पीसीबी से खिलाड़ियों का सम्मान करने का अनुरोध किया। इंजमाम ने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं कि पीसीबी के चेयरमैन का पद बहुत सम्मानजनक है तो क्या पूर्व कप्तान और पूर्व दिग्गज भी बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों से इसी तरह का सम्मान पाने का हकदार नहीं हैं।

इंजमाम ने साथ ही आरोप लगाया कि हितों के टकराव के आरोपों पर बोर्ड के साथ उनके विवाद पर पूर्व पीसीबी चेयरमैन जका अशरफ द्वारा सम्मान नहीं दिखाया गया था। उन्होंने कहा कि अशरफ के रवैये से उन्हें काफी दुख हुआ था। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट इस तरीके से नहीं चलाया जा सकता। अब समय आ गया है जब बोर्ड के अधिकारियों को भी अपने काम के लिए जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

# क्रिकेट टीम के दौरे से पहले पाकिस्तान पहुंचा न्यूजीलैंड का सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल



**लाहौर ।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के अप्रैल में होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था का जायज लेने के लिए उसका एक प्रतिनिधिमंडल यहां पहुंच गया है। इस प्रतिनिधिमंडल में न्यूजीलैंड क्रिकेट के दो सदस्य और एक स्वतंत्र सुरक्षा विशेषज्ञ शामिल है। यह प्रतिनिधिमंडल लाहौर, रावलपिंडी और इस्लामाबाद का दौरा करने के लिए सप्ताहांत में यहां पहुंचा। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैच की श्रृंखला अप्रैल में लाहौर और रावलपिंडी में खेली जाएगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने कहा, 'सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल मैच स्थलों और उन होटलों का दौरा करेगा जहां टीम को ठहरना है।

# भारत के खिलाफ तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं ग्रीन



**वेलिंगटन ।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि स्टार ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ दिसंबर में होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बजाय ग्रीन ऑस्ट्रेलिया की घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता शैफील्ड शील्ड में खेल सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला से पहले भी यही रणनीति अपनाई गई थी और ग्रीन ने पहले टेस्ट मैच में 174 रन की नाबाद पारी खेलकर इसे सही साबित किया था। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में बड़ी जीत दर्ज की थी। ग्रीन को वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। इसके बजाय उन्होंने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तस्मानिया के खिलाफ शैफील्ड शील्ड का मैच खेला था जिसमें उन्होंने नाबाद 103 रन बनाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अच्छी तैयारी की थी।

मैकडोनाल्ड ने कहा, 'किसी भी खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रखना बड़ा फैसला होता है वह भी तब जबकि वह आपकी सर्वश्रेष्ठ एकादश में शामिल होने की काबिलियत रखता हो। इसलिए मुझे खुशी है कि ग्रीन ने हमारा सुझाव माना और इसके बाद शानदार वापसी की। उन्होंने कहा, 'हमारा ध्यान अगली गर्मियों में भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले की तैयारियों पर है जहां हमें पाकिस्तान के खिलाफ वनडे और टी20 मैच खेलने हैं। हम सभी जानते हैं कि वह सीमित ओवरों का कितना अच्छा खिलाड़ी है लेकिन आपको अगली गर्मियों की स्थिति को देखकर अपनी प्राथमिकता तय करनी होगी।

ऑस्ट्रेलिया के कोच ने कहा, 'सीमित ओवरों की क्रिकेट महत्वपूर्ण है लेकिन टेस्ट श्रृंखला भी उतनी ही महत्वपूर्ण है इसलिए मुझे लगता है कि (न्यूजीलैंड के खिलाफ) पहले टेस्ट मैच में उसने जो परिणाम हासिल किया है उसे देखते हुए वह शायद हमारे पास आएगा और कहेगा कि क्या भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले मैं शैफील्ड शील्ड के कुछ मैच खेल सकता हूं।

ऑस्ट्रेलिया सितंबर में पांच वनडे और तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा और इसके बाद पाकिस्तान में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। इसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली जाएगी।

# न्यूजीलैंड को लगा झटका, तेज गेंदबाज दूसरे टेस्ट मैच से बाहर



**वेलिंगटन ।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओरूर्के मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में नहीं खेल पाएंगे। ओरूर्के की जगह बेन सीयर्स को टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने न्यूजीलैंड की तरफ से अभी तक 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं लेकिन उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में उन्हें पदार्पण का मौका मिल सकता है। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे भी टीम से बाहर हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान उनके बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा। इस कारण उनका कम से कम आठ सप्ताह तक बाहर रहना तय है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने बताया कि ओरूर्के चार सप्ताह तक बाहर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सीयर्स ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। स्टीड ने कहा, 'बेन अच्छे कौशल वाला युवा गेंदबाज है। वह अच्छी गति से गेंदबाजी करता है और उसे अच्छी उछाल मिलती है जो टेस्ट क्रिकेट में बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऑस्ट्रेलिया पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीत कर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है।

# सनराइजर्स हैदराबाद को मिला नया कप्तान



**नई दिल्ली ।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन से पहले पैट कमिंस को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से फ्रेंचाइजी ने इस बात की जानकारी साझा की। पिछले दो सीजन में हैदराबाद की कप्तानी एडेन मार्कराम ने की थी, लेकिन उसे कोई महत्वपूर्ण सफलता नहीं मिली, खासकर आईपीएल 2023 में टीम 14 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे रही। हालांकि मार्कराम ने एस20 के पहले दो सीजन में हैदराबाद फ्रैंचाइजी की सहयोगी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप को सफलतापूर्वक ट्रॉफी तक पहुंचाया।

वहीं कमिंस के लिए 2023 शानदार रहा जिसने उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाया जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतना, एशेज बरकरार रखना और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में रिकॉर्ड छठे पुरुष एकदिवसीय विश्व कप का दावा करना शामिल है। यह पहली बार होगा जब कमिंस आईपीएल में किसी टीम की कप्तानी करेंगे और हैदराबाद के नए मुख्य कोच डैनियल विटोरी के साथ फिर से जुड़ेंगे, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सहायक कोच के रूप में भी काम करते हैं। वह डेविड वार्नर के बाद हैदराबाद के कप्तान बनने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई भी बन गए जिन्होंने 2015 से 2021 तक 67 मैचों में फ्रेंचाइजी का नेतृत्व किया। पिछले साल दुबई में आईपीएल नीलामी में कमिंस को फ्रेंचाइजी ने 20.5 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिससे वह लीग के इतिहास में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। कमिंस इससे पहले आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा रह चुके हैं। आईपीएल 2016 की विजेता सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद 27 मार्च को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी।

# आकाश चोपड़ा ने दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी समस्या का किया खुलासा



भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स को अपने तीसरे स्पिनर को लेकर हमेशा समस्या रही है। डीसी 23 मार्च को अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के अपने शुरुआती मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

आईपीएल 2023 में निराशाजनक प्रदर्शन को भूलाकर आईपीएल 2024 में बेहतर प्रदर्शन की तलाश में होगी। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में आयोजित मिनी-नीलामी में हैरी ब्रूक (4 करोड़ रुपए) सहित कुछ बड़े नामों को साइन किया था जिसमें ट्रिस्टन स्टब्स (50 लाख रु.), रिकी भुई (20 लाख रु.), कुमार कुशाग्र (7.20 करोड़ रु.), रसिख डार (20 लाख रु.), झे रिचर्डसन (5 करोड़ रु.), सुमित कुमार (रु. . 1 करोड़), शाई होप (75 लाख रुपये) और स्वास्तिक छिकारा (20 लाख रु.) शामिल हैं।

अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स 8 ओवरों के लिए अक्षर पटेल और कुलदीप यादव पर भरोसा कर सकती है, जो बहुत अच्छा है। कुलदीप ने पिछले सीजन में 14 मैचों में 10 विकेट लिए जबकि अक्षर ने 11 विकेट लिए। उन्होंने कहा, दिल्ली तीन स्पिनरों को खेलने में सक्षम नहीं है और अगर वे ऐसा करते हैं, तो तीसरे को 10 में से नौ बार मार पड़ती है। उनके पास अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के रूप में आठ ओवर का बैंक है, जो बहुत-बहुत अच्छा है।

चोपड़ा ने आगे कहा कि तीसरा स्पिनर दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक कमजोर कड़ी है, उन्होंने जोर देकर कहा कि तीसरा स्पिनर हमेशा उनके लिए एक मुद्दा रहा है। दिल्ली कैपिटल्स ने लीग चरण में अपने 14 मैचों में से पांच मैच जीते जबकि 9 हारे। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, कुलदीप यादव एक वैध विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और अक्षर पटेल नई गेंद से भी गेंदबाजी कर सकते हैं। उनका तीसरा स्पिनर थोड़ा कमजोर कड़ी बनता है। वे कभी-कभी ललित यादव से गेंदबाजी करवाते हैं और कभी-कभी प्रवीण दुबे को लाते हैं। तीसरा स्पिनर हमेशा एक मुद्दा रहा है।

### आईपीएल 2024 के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीम

ऋषभ पंत (कप्तान), प्रवीण दुबे, डेविड वार्नर, विक्की ओस्टवाल, पृथ्वी शॉ, एनरिक नॉर्टजे, अभिषेक पोरेल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, ललित यादव, खलील अहमद, मिशेल मार्श, इशांत शर्मा, यश ढुल, मुकेश कुमार , हैरी ब्रूक, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झे रिचर्डसन, सुमित कुमार, शाई होप, स्वास्तिक छिकारा।

# डेवोन कॉनवे सर्जरी के कारण मई तक आईपीएल से बाहर



**क्राइस्टचर्च ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से ठीक पहले चेन्नई सुपर किंग्स को एक बड़ा झटका लगा है क्योंकि न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को बाएं अंगूठे की सर्जरी करानी होगी और रिकवरी की अवधि कम से कम आठ सप्ताह होने का अनुमान है। ऐसे में वह मई तक आईपीएल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

कॉनवे को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान बाएं अंगूठे पर चोट लग गई थी। फिर उन्हें एक्स-रे कराने के लिए मैदान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा जिससे उन्हें स्पष्ट फ्रैक्चर के बारे में पता चला। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा, कई स्कैन और विशेषज्ञ की सलाह के बाद कम से कम आठ सप्ताह की संभावित रिकवरी अवधि के साथ कॉनवे पर ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। पुनर्प्राप्ति अवधि आठ सप्ताह होने की उम्मीद है तो यह स्पष्ट है कि कॉनवे आईपीएल के आगामी संस्करण के पहले संस्करण में नहीं खेल पाएंगे, जो 22 मार्च को शुरू होने वाला है।

कॉनवे शुरुआती टेस्ट खेलने के लिए उपलब्ध नहीं थे और हेनरी निकोल्स को पहले टेस्ट के लिए कवर के रूप में बुलाया गया था। निकोलस ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में 8 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम के साथ रहेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कॉनवे के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा, हम सभी डेवोन के लिए महसूस कर रहे हैं। वह ब्लैककैप्स का एक बड़ा हिस्सा है और हम मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह उसकी उपस्थिति को मिस करेंगे। स्टीड ने कहा, हम उन्हें उनकी सर्जरी के लिए शुभकामनाएं देते हैं और जब वह ठीक होने लगेंगे तो हम उनका समर्थन करने के लिए वहां मौजूद रहेंगे। सीएसके आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत गत चैंपियन के रूप में 22 मार्च को चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ करेगा।

# फ्रेंच ओपन में 2022 की सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक और चिराग



**पेरिस ।** पिछली तीन प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की अपनी सफलता को दोहराने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। सात्विक और चिराग की विश्व में नंबर एक जोड़ी नवंबर में चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल की बाधा पार करने में नाकाम रही थी। फ्रेंच ओपन में यह भारतीय जोड़ी हालांकि खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के चोटी के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए भी यह टूर्नामेंट बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने चार महीने तक बाहर रहने के बाद मलेशिया में खेली गई एशियाई चैंपियनशिप में वापसी की थी।

दुनिया की 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। प्रतियोगिता में आगे बढ़ने पर उनका सामना तीन बार की पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। पुरुष एकल में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और वह यहां उससे बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग जू से होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल लक्ष्य सेन पिछले कुछ समय से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उनको पहले दौर में ही जापान के कांता सुनेयामा की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को भी अपने शुरुआती मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से कड़ी चुनौती मिल सकती है, जबकि युवा प्रियांशु राजावत पहले दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ियां पहले दौर में एक दूसरे के आमने-सामने होंगी।

# दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को 25 रनों से हराया

**बेंगलुरु, एजेसी**

कप्तान मेग लानिंग की 55 रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद जेस जॉनसन और राधा यादव की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के दसवें मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 25 रनों से हरा दिया है। 164 रनों पीछा करने उतरी गुजरात जायंट्स की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने 53 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये थे। एश्ली गार्डनर सार्वधिक 40 रनों की पारी खेली। बेथ मूनी 12 रन, लॉरा वुलफार्ट शून्य, फीबी लिचफील्ड 15 रन, वेदा कृष्णमूर्ति 12 रन, कैथरीन ब्राइस तीन रन, तनुजा कंवर 13 रन और तरन्नुम पाठान नौ रन बनाकर आउट हुई। मेघना सिंह 10 रन और सयाली सतघरे सात रन पर नाबाद रही। गुजरात जायंट्स की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 138 रन ही बना सकी और 25 रन से मुकाबला हार गई। दिल्ली की ओर से जेस जॉनसन और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट लिये। अरुंधति रेड्डी और शिखा पांडे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले कप्तान मेग लानिंग की 55 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स महिला ने रविवार को खेले गये मैच में गुजरात जायंट्स महिला को जीत के लिए 164 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स महिला ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरूआत ठीक नहीं रही और तीसरे ओवर में शेफाली वर्मा का विकेट गंवा दिया। शेफाली वर्मा 13 रन बनाकर आउट हुई। सलामी बल्लेबाज मेग लानिंग ने 41 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 55 रनों की पारी खेली। ऐलिस कैप्सी 27 रन, जेमिमाह रॉड्रिग्स सात रन, ऐनाबेल सदरलैंड 20 रन, जेस जॉनसन 11 रन, अरुंधति रेड्डी पांच रन और राधा यादव पांच रन बनाकर आउट हुई। शिखा पांडे 14 रन पर नाबाद रही। मेघना सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही दिल्ली कैपिटल्स को लगातार झटके देते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 163 रन स्कोर पर रोक दिया। गुजरात जायंट्स महिला की ओर से मेघना सिंह ने चार विकेट लिये। एश्ली गार्डनर को दो विकेट मिले। मन्नत कश्यप और तनुजा कंवर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग
बुद्धमार्ग, पटना–800001
शुद्धि पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–808 दिनांक–19.02.2024 द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–33 / प0भ0प्र0 / 2023–24 जिसका पी0आर0 संख्या–17810(BCD) 2023–24 है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द / निरस्त किया जाता है।

PR. No. 018693 (BCD) 2023-24

(अभय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमंडल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 192 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको / ख्याति प्राप्त फर्मों / कम्पनियों से दिनांक **13.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्प्यूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250 / –, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500 / –, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750 / –, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250 / –, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500 / – एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | S/F/F of Furniture and Other's at Press Room at Main Building Bihar Vidhan Sabha, Patna for the year 2023-24. | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 018748 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जारी की हज गाइड 2024, मोबाइल ऐप भी किया लॉन्च



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को हज दिशानिर्देश 2024 जारी किया। इस दौरान उन्होंने हज सुविधा मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया। केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली में इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि हाजियों के लिए सुविधाएं सिर्फ अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके लिए कई विभागों से समन्वय किया है। उन्होंने कहा कि हाजियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सभी विभागों के साथ मिलकर एक समन्वय बनाया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल महिला हाजियों की संख्या 4,300 थी, जो इस वर्ष 5160 को पार कर गयी है।

### एनडीआरएफ कर्मियों को दिया जाएगा मृतकों की गरिमा बनाए रखने का प्रशिक्षण



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनडीआरएफ बचावकर्मियों और श्वानदल को मृतकों की सही पहचान करने और उनकी गरिमा बनाए रखने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एनडीआरएफ के महानिदेशक अतुल करवाल ने बताया कि बचावकर्मी मृतकों की पहचान, फारेंसिक और कुत्तों के प्रशिक्षण पर काम कर रहा है। महानिदेशक ने कहा कि मृतक प्रबंधन पर एनडीआरएफ के मौजूदा माड्यूल में एक नया मृतक पहचान अध्याय जोड़ा गया है, जो कर्मियों को बुनियादी पाठ्यक्रम के रूप में प्रदान किया जाता है। इस माड्यूल के हिस्से के रूप में एनडीआरएफ के बचावकर्मियों को यह प्रशिक्षण दिया जाता है कि दुर्घटनाओं और आपदाओं के दौरान शवों को कैसे निकाला जाए और उन्हें सम्मानजनक तरीके से रखा जाए, सड़ गए या टुकड़े हो गए मानव अवशेषों का सम्मान कैसे सुनिश्चित किया जाए, उन्हें एक साथ और बाडी बैग में कैसे रखा जाए।

### एनसीपीसीआर ने की आपत्तिजनक कंटेंट वाले एप के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने उन एप के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जिन पर आपत्तिजनक कंटेंट प्रसारित करने का आरोप है। एनसीपीसीआर ने यह कदम एक शिकायत के बाद उठाया है जिसमें इन एप के माध्यम से प्रसारित आपत्तिजनक कंटेंट और इन कंटेंट की बच्चों तक पहुंच को लेकर चिताएं जताई गई हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को लिखे पत्र में एनसीपीसीआर ने लिखा है कि इन एप पर स्कूली बच्चों से जुड़े यौन संबंधों के परेशान करने वाले कंटेंट प्रसारित करने का भी आरोप है। साक्ष्य के रूप में स्क्रीनशाट भी साझा किया गया है। आरोप है कि एप ने नो योर कस्टमर (केवाईसी) या आयु-सत्यापन प्रणाली से जुड़े नियमों का पालन भी नहीं किया गया है। यह यौन अपराधों से बच्चों को बचाने के लिए बने कानून पोक्सो की धारा 11 का उल्लंघन है। एनसीपीसीआर ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीपीसीआर) कानून की धारा 13 के तहत मामले की पूरी तरह से जांच करने और अश्लील कंटेंट प्रसारित करने वाले एप और प्लेटफार्मों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# कांग्रेस हिमाचल के सियासी संकट पर मंथन को तैयार, लोस चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बदलने की संभावना नहीं

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में जल्द ही कांग्रेस में उपजे संकट को लेकर पार्टी में मंथन का दौर शुरू होने के आसार हैं। राज्य में सियासी अनिश्चितता ने विकट स्थिति पैदा कर दी है। कांग्रेस आलाकमान आने वाले दिनों में हिमाचल के मुख्यमंत्री पद पर गंभीरता से विचार करने की तैयारी में है। हालांकि, पार्टी लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बदलने को तैयार नहीं दिख रही है। प्रदेश ईकाई में पनपे गहरे अंसतोष को भांपने में नाकाम रही कांग्रेस काफी हद तक असहाय दिख रही है। सूत्रों ने कहा कि आने वाले दिनों में इस मामले की समीक्षा की जाएगी। असंतुष्ट विधायकों ने कांग्रेस आलाकमान द्वारा इस कलह को रोकने के लिए भेजे गए कांग्रेस पर्यवेक्षकों से कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को बदला जाना चाहिए। हालांकि, बताया जाता है कि सुक्खू सीएम का पद छोड़ने को तैयार नहीं हैं और उन्होंने विश्वास जताया है कि वह इस संकट का सामना कर सकते हैं



और साथ ही अपने विरोधियों के प्रति उदार रुख भी अपना सकते हैं। उन्होंने विधायक दल में बहुमत का समर्थन होने का भी दावा किया है। कांग्रेस के सामने दो अहम सवाल विश्वसनीय सूत्रों ने कहा कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेतृत्व लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलने को लेकर तैयार नहीं है। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि ऐसा करने से बड़े पैमाने पर मतदाताओं के बीच गलत संदेश जाने के अलावा मामला जटिल हो सकता है। वर्तमान में पार्टी के सामने दो अहम सवाल है - क्या बागी खेमा आने वाले दिनों में बढ़ सकता है और दूसरा अहम सवाल यह है कि वर्तमान संकट को लेकर भाजपा का क्या उद्देश्य है। सरकार का अस्तित्व बचाए रखना पार्टी की प्राथमिकता है। मुख्य मुद्दा यह है कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले और विधानसभा से अयोग्य ठहराए गए 6 बागी आने वाले दिनों में क्या कदम उठाते हैं। यदि वे अपनी अयोग्यता की समीक्षा की मांग करते हैं, तो अदालत का आदेश अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। सूत्रों के अनुसार, पार्टी को उम्मीद है कि वे एक समझौते के लिए सहमत होंगे, जो उनके एडजस्ट करने की राह निकाल सकता है और मुख्यमंत्री के पर कतर कर दुश्मनी को खत्म कर सकता है। पिछले सप्ताह की शुरुआत में, सूत्रों ने कहा था कि असंतुष्ट विधायकों ने विशेष पर्यवेक्षकों भूपिंदर हुड्डा, भूपेश बघेल और डीके शिवकुमार को सीएम के खिलाफ अपनी नाराजगी के कारणों के बारे में विस्तार से बताया था।

## हम भाजपा को प्रमोद महाजन और गोपीनाथ मुंडे की वजह से जानते हैं: उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी की पहली सूची जारी होने पर प्रतिक्रिया दी है। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम लिस्ट में नहीं होने पर जमकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि हम मोदी और शाह जैसे नामों को जानते भी नहीं थे। भाजपा ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है।

रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान ठाकरे ने कहा, हम भाजपा को प्रमोद महाजन और गोपीनाथ मुंडे की वजह से जानते हैं। हमारे उनके साथ पारिवारिक संबंध हैं और महाजन को भाजपा-शिवसेना गठबंधन का आर्किटेक्ट कहा जाता था। गडकरी बाद में आए। हम मोदी और शाह जैसे नामों को जानते भी नहीं थे।

ठाकरे ने कहा, उन्होंने (गडकरी) ने मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे और मुंबई में 55 फ्लायओवर बनाकर बहुत अच्छे काम किए हैं। वह कद्दावर भाजपा नेता हैं, लेकिन उनका नाम उम्मीदवारों की पहली सूची में नहीं है। उन्होंने आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे कृपाशंकर सिंह का नाम लिस्ट में होने पर हैरानी जाहिर की। ठाकरे ने कहा कि दिल्ली में सरकार बनाने में महाराष्ट्र बड़ी भूमिका निभाता है और पिछले चुनाव में भाजपा और शिवसेना ने 42 सीटें जीती थीं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र की सीटों के बगैर एनडीए 250 सीटों का भी आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा, इस बार भाजपा ने नारा दिया है कि अबकी बार 400 पार, लेकिन मैं कहता हूं कि अबकी बार भाजपा तड़ीपार।



## वायनाड के सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज में हुई छात्र की मौत, कांग्रेस ने सीबीआई जांच की मांग की

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वी डी सतीसन ने रविवार को वायनाड में केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में एक छात्र की हाल ही में हुई मौत की सीबीआई जांच की मांग की। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को 20 वर्षीय सिद्धार्थन जेएस की मौत के कारण हुए क्रूर हमले का विवरण विश्वविद्यालय से सामने आ रहा है। सतीसन ने कहा, उनके माता-पिता आरोप लगा रहे हैं कि एसएफआई नेताओं के नेतृत्व में एक भीड़ ने उन्हें बिना खाना या पानी दिए कई दिनों तक सार्वजनिक सुनवाई की और फांसी देने से पहले उन पर बेरहमी से हमला किया। यह एक गंभीर मामला है कि शिक्षक भी इस क्रूरता का हिस्सा थे। विधानसभा में विपक्ष के नेता ने यह भी आरोप लगाया कि जिले के वरिष्ठ सीपीआई (एम) नेताओं ने जांच अधिकारियों को धमकी दी थी। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पुलिस जांच में गंभीर खामियां थीं और उन्होंने (पुलिस ने) मामले में आरोपियों को बचाने का भी प्रयास किया। सतीसन ने कहा, हम पुलिस से निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं कर सकते। केरल में ऐसी घटना दोबारा नहीं होनी चाहिए। परिवार सीबीआई जांच की मांग कर रहा है।

## भाजपा के जुमलों को जनता अभी भूली नहीं है: अशोक गहलोत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पीएम मोदी पर निशान साधा है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा-मोदी सरकार ने कल बैठक कर चुनाव होने से पूर्व ही अगली सरकार के 100 दिन की कार्ययोजना एवं अगले 25 साल पर चर्चा कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास तो किया है परन्तु पिछले दोनों चुनावों के घोषणा पत्रों की घोषणाओं की क्रियान्विति रिपोर्ट आज तक नहीं दी है। मोदी सरकार पहले अपने 2014 एवं 2019 के वादों का हिसाब दे क्योंकि 2014 में 100 दिन में विदेश से कालाधन वापस लाने एवं 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष जैसे जुमलों को जनता अभी भूली नहीं है। उल्लेखनीय है कि रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों से अगले 5 साल का एक्शन प्लान मांगा। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी ने आइडिया, एक्शन प्लान और रोडमैप मांगा है। इसके अलावा मंत्रियों से 100 दिन की योजना भी मांगी गई है। गौरतलब है कि अगले महीने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होना है।

# नोएडा के कार-बाइक वाले लोग ध्यान दें, अब 36 और जगहों पर लगेगा पार्किंग का पैसा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में अब मुफ्त पार्किंग के दिन खत्म हो रहे हैं। इस महीने करीब तीन दर्जन और स्थानों पर पार्किंग शुल्क लेने की शुरूआत हो जाएगी। इन जगह पार्किंग शुल्क लेने के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। पिछले महीने करीब 20 स्थानों पर शुल्क लिया जाना शुरू हो चुका है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि करीब सवा साल से शहर में सेक्टर-18 को छोड़कर पार्किंग मुफ्त चल रही थी। इस दौरान कई बार टेंडर जारी किए गए लेकिन कंपनियों का चयन नहीं हो सका था। इस साल जनवरी महीने में क्लस्टर-1 और 8 के अंतर्गत कंपनी का चयन कर लिया गया। इसके अंतर्गत 27 और 29 जनवरी से इन क्लस्टर में पार्किंग शुल्क लिए जाने की शुरूआत हो गई।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अब क्लस्टर-2, 3 और 5 और 7 एरिया में पार्किंग शुल्क लेने के लिए टेंडर प्रक्रिया



चल रही है। इनमें से क्लस्टर नंबर-3 के लिए जल्द टेंडर खुलने वाला है, बाकी क्लस्टर के लिए अगले 10-15 दिन में टेंडर खुल जाएगा। ऐसे में पूरी उम्मीद है कि इसी महीने इन तीनों क्लस्टर के अंतर्गत पार्किंग की शुरूआत हो जाएगी। गौरतलब है कि शहर में सार्वजनिक स्थल, मॉल, बाजार के बाहर करीब 58 जगहों पर सरफेस पार्किंग 1 दिसंबर 2022 से मुफ्त चल रही थी। पार्किंग मुफ्त होने से नोएडा प्राधिकरण को घाटा हो रहा था। कई बार टेंडर जरूर हुए लेकिन एजेंसी का चयन नहीं हो पा रहा था। अब एजेंसी चयन कर प्राधिकरण ने पार्किंग चलवाने की शुरुआत की।

पार्किंग कंपनी का चयन करने में नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही के अलावा कोर्ट में मामले का चला जाना भी रहा। प्राधिकरण की तरफ से टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लेने पर रोक लगाने के बाद एक-दो लोग कोर्ट चले गए थे। इस वजह से भी देरी हुई। प्राधिकरण ने जनवरी महीने में क्लस्टर नंबर-1 के तहत सेक्टर, 2,6,8, 12, 25ए मोदी मॉल, सेक्टर 30, सेक्टर 32ए लॉजिक्स मॉल, सेक्टर-50, 41, व 51 की मार्केट, सेक्टर 104 में पार्किंग की शुरुआत हुई। इसके अलावा क्लस्टर नंबर-8 के अंतर्गत सेवन एक्स सेक्टरों में भी पार्किंग शुल्क के लिए जाने की शुरुआत हो चुकी है। इन सेक्टरों में सेक्टर-74, 75, 76 और 77 का एरिया शामिल है।

## क्वेटा में विपक्षी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई के घर पर छापेमारी, जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर हुई कार्रवाई

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव से पहले अधिकारियों ने प्रांतीय राजधानी क्वेटा में विपक्षी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और अनुभवी राजनेता महमूद खान अचकजई के घर पर छापेमारी की है। इसके साथ ही पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनके द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी स्वामित्व वाली भूमि के एक टुकड़े को पुनः प्राप्त कर लिया है। बलूचिस्तान के 75 वर्षीय अचकजई पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख हैं और उन्हें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के जेल में बंद नेता इमरान खान ने पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए नामित किया था। क्वेटा में अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने रविवार को अचकजई के आवास पर छापेमारी की और उनके द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी स्वामित्व वाली भूमि के एक टुकड़े को पुनः प्राप्त कर लिया।



पाकिस्तानी संसद में अचकजई को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल का समर्थन मिलेगा, जो खान की पार्टी समर्थित निर्दलीय सांसदों का समूह है। अनुभवी राजनेता 9 मार्च को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के 68 वर्षीय वरिष्ठ नेता जरदारी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे, जिनका नाम शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने आगे बढ़ाया है। राजनीतिक और नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं के साथ-साथ मीडिया ने छापे की कड़ी निंदा की है, इसे नेशनल असेंबली में शहबाज के प्रधानमंत्री चुने जाने पर अचकजई के हालिया भाषण पर राज्य संस्थानों की प्रतिक्रिया बताया है। क्वेटा के डिप्टी कमिश्नर साद असद ने कहा कि छापेमारी की योजना बनाई गई थी क्योंकि पीकेएमएपी अध्यक्ष ने अपने आवास पर 2.5 कनाल (0.3 एकड़) जमीन के एक टुकड़े पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था, जो सरकार का था। असद ने कहा, उसने जमीन को चारदीवारी से घेर लिया था और बार-बार चेतावनी देने के बावजूद उसने इसे खाली करने से इनकार कर दिया। असद ने कहा कि पुलिस ने राजस्व कर्मचारियों के साथ मिलकर अवैध रूप से कब्जा की गई जमीन को बरामद कर लिया। उन्होंने कहा, वे हथियारबंद लोग थे जिन्होंने हमें अपना कर्तव्य निभाने से रोकने की कोशिश की और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। असद ने कहा कि जमीन की रखवाली कर रहे एक हथियारबंद व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया, क्योंकि उसने सहायक आयुक्त को उनके कर्तव्यों के पालन में बाधा डालने का प्रयास किया था। पीकेएमएपी के महासचिव अब्दुल रहीम जियारतवाल ने पार्टी अध्यक्ष को निशाना बनाकर की गई छापेमारी की निंदा की और सोमवार को देश भर में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की।

## पाकिस्तान में कट्टरपंथी इस्लामवादियों ने एक और अहमदिया मस्जिद में तोड़फोड़ की

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में कट्टरपंथी इस्लामवादियों ने एक और अहमदिया मस्जिद में तोड़फोड़ की। इस बेहद परेशान करने वाली घटना में अज्ञात हमलावरों ने कराची के दस्तगीर इलाके में एक अहमदिया मस्जिद को निशाना बनाया। हमलावरों ने कथित तौर पर हमले के दौरान अहमदिया समुदाय के खिलाफ नारे लगाए, जिससे पाकिस्तान में इस धार्मिक अल्पसंख्यक की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। अहमदिया, जिन्होंने विभाजन के दौरान पाकिस्तान नाम के एक इस्लामी राष्ट्र के विचार के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, अब खुद को उसी देश में हाशिए पर पाते हैं जिसे उन्होंने आकार देने में मदद की थी। उनके ऐतिहासिक योगदान के बावजूद, अहमदिया समुदाय को व्यापक भेदभाव का सामना करना पड़ता है, पाकिस्तान में कई मुसलमान उन्हें साथी मुसलमानों के रूप में मान्यता नहीं देते हैं। यह बहिष्कार ऐसे कानून के अस्तित्व से और भी बढ़ गया है जो स्पष्ट रूप से उन्हें गैर-मुस्लिम घोषित करता है। अहमदिया मुस्लिम समुदाय इस्लाम के भीतर एक संप्रदाय है जिसकी स्थापना 19वीं सदी के अंत में मिर्जा गुलाम अहमद ने की थी। हालाँकि यह लगभग सभी इस्लामी सिद्धांतों में विश्वास रखता है, लेकिन कुछ विरोधाभास मुख्यधारा इस्लाम से उनके निष्कासन का कारण बन गए हैं। इस्लाम के अनुसार, पैगंबर मुहम्मद अंतिम पैगंबर हैं और कुरान अंतिम धार्मिक पाठ है। हालाँकि, अहमदिया मुहम्मद को पैगंबर मानते हैं, लेकिन आखिरी नहीं। उनके अनुसार, मिर्ज़ा गुलाम अहमद आखिरी पैगंबर थे, जिन्हें अक्सर अनुयायियों द्वारा मुसलमानों द्वारा प्रतीक्षित महदी या मसीहा के वादे के रूप में संदर्भित किया जाता है। 1974 में, पाकिस्तानी प्रतिष्ठान ने आधिकारिक तौर पर अहमदियाओं को गैर-मुस्लिम घोषित कर दिया, जिससे एक दशक बाद और अधिक प्रतिबंधात्मक उपायों के लिए मंच तैयार हुआ। 1984 में, पाकिस्तान की संसद में एक कानून पारित किया गया जिसने न केवल अहमदिया को गैर-मुस्लिम के रूप में नामित किया, बल्कि उन्हें खुद को मुस्लिम के रूप में पहचानने से भी रोक दिया।

# टूडो और जॉर्जिया मेलोनी की मुलाकात रद्द, टोरंटो में फलस्तीन समर्थकों के उग्र प्रदर्शन से चिंता

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के टोरंटो में प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी की मुलाकात रद्द होने की खबर सामने आई है। सैकड़ों फलस्तीनी समर्थकों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए शनिवार रात का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों के सड़क पर उतरने के कारण सुरक्षा संबंधी चिंता पैदा हुई। इस कारण दोनों की मुलाकात का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।

सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के दफ्तर से जारी बयान में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए उनकी और मेलोनी की मुलाकात रद्द होने की जानकारी दी गई। खबर के मुताबिक उग्र विरोध प्रदर्शन के कारण आर्ट गैलरी ऑफ ओंटारियो को बंद करना पड़ा। प्रदर्शनकारी इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष पर कनाडाई सरकार की



प्रतिक्रिया से आक्रोशित हैं।

प्रदर्शनकारियों का आरोप- गाजा में नरसंहार को कनाडा की सरकार का समर्थन विरोध कर रहे लोगों का आरोप है कि इस्राइली सेना की कार्रवाई को टूडो का समर्थन हासिल है। टूडो गाजा पट्टी में नरसंहार के लिए आर्थिक समर्थन भी दे रहे हैं। पुलिस के मुताबिक गैलरी के बाहर 200-300 प्रदर्शनकारी जमा थे, लेकिन प्रवेश द्वार के बाहर भी दर्जनों लोग जमा थे। ऐसे में प्रदर्शन में शामिल लोगों की संख्या का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सका। खबर के मुताबिक कनाडा सरकार में अंतरराष्ट्रीय विकास मंत्री अहमद हुसैन ने मुख्य प्रवेश द्वार से गैलरी में प्रवेश का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उनका रास्ता रोक दिया। पुलिस की सुरक्षा में प्रवेश पाने का प्रयास कर रहे हुसैन का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने दो ब्लॉक तक उनका पीछा भी किया। प्रदर्शनकारियों को चिल्लाते सुना गया, आप नरसंहार में शामिल हैं। आपके हाथ खून से सने हैं। आप मेरे परिवार के सदस्यों और दोस्तों की हत्या में शामिल हैं।

गौरतलब है कि इतालवी पीएम मेलोनी टूडो के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए टोरंटो पहुंचीं हैं। जी-7 देशों के समूह में शामिल दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया (इस्राइल-हमास) संकट के साथ-साथ कई अन्य अहम विषयों पर चर्चा की। पिछले साल सात अक्तूबर को शुरू हुआ इस्राइल हमास हिंसक संघर्ष कितना भयावह है, इसका अंदाजा इसी बात से होता है कि अब तक 31 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## चुनाव धांधली के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर इमरान की पार्टी के 100 से ज्यादा समर्थक गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के चुनाव में कथित धांधली के विरोध में रैली कर रहे जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के 100 से ज्यादा समर्थकों को पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पार्टी संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ शनिवार को समूचे पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन किए थे। ज्यादातर लोगों को लाहौर से गिरफ्तार किया गया है जहां नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरयम नवाज़ ने पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई का आदेश दिया था। पीटीआई के एक प्रवक्ता ने बताया, लाहौर में पुलिस ने 80 कार्यकर्ताओं और नेताओं को पीटा और गिरफ्तार कर लिया। गुजरात शहर में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब के 38 शहरों और संघीय राजधानी इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन हुए। लाहौर में पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129